mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-334 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

05 दिसंबर 2024 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



आरसीबी का कप्तान...

@ पेज 7

# अयोध्या में शुरू हो गई राम-जानकी विवाह की रस्में

- भव्य तरीके से विवाह पंचमी पर होगा यह शुभ विवाह

**अयोध्या (एजेंसी)।** प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या एक बार फिर भव्य तरीके से सजाई जा रही है और चारों ओर उत्सव का माहौल है। हो भी क्यों न आखिर प्रभु श्री राम सीता माता के साथ विवाह होने जा रहा है। अयोध्या की गली-गली में श्री राम के पग गाए जा रहे हैं। पहली बार बाल स्वरूप में विराजमान श्री राम के विवाह की तैयारी की जा रही है। बता दें कि हर साल मार्गशीर्ष



मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को विवाह पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस दौरान माता सीता और श्री राम का विवाह किया जाता है। इस उपलक्ष्य में इस साल अयोध्या में भी भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस मांगलिक कार्य का आरंभ गणेश पूजा के साथ हो चुका है। अयोध्या के प्रमुख मंदिरों में होने वाले राम-जानकी विवाह में शामिल होने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच रही है।

अयोध्या के जानकी महल ट्रस्ट ने भी राम विवाह के आयोजन की तैयारी बहुत बड़े पैमाने में गई है। यहां पर कार्यक्रम 3 दिसंबर को गणेश पूजा के साथ आरंभ हो चुके हैं, जो 8 दिसंबर 2024 तक चलेंगे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार नेपाल के लिए बारात रवाना हुई थी, जो 3 दिसंबर को नेपाल पहुंच गई है।

# अमेरिका में अवैध रूप से जाने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ी

## सबसे पसंदीदा रास्ता बना ट्रूडो का देश, 42000 से ज्यादा ने की कनाडा से एंट्री

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय बड़ी संख्या में अमेरिकन ड्रीम के लिए अपना सब कुछ जोखिम में डाल रहे हैं। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका में अवैध रूप से भारतीयों के जाने में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। अकेले इस साल कनाडाई सीमा पर अवैध रूप से प्रवेश करते हुए पकड़े गए लोगों में 22 फीसदी





भारतीय थे। इसका डेटा कनाडाई सीमा के जरिए अवैध रूप से अमेरिका में घुसते भारतीय अमेरिकियों की बढ़ती संख्या दिखाता है। 2022 में 109,535 लोगों को पकड़ा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायली स्टाइल में भारत भी कर सकेगा एयर स्ट्राइक

#### भारतीय सैन्य बेड़े में जल्द शामिल होने जा रहा नागास्त्र-1

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना अपनी ताकत को लगातार नई धार देती जा रही है। इसी कड़ी में इमरजेंसी प्रोक्योरमेंट के तहत जिस सुसाइड ड्रोन की खरीदारी हुई थी, अब उसे आधिकारिक तौर पर सेना में शामिल करने की तैयारी है। इसे नागास्त्र-1 के नाम से जाना जाता है जो दुश्मन के बंकर, चौकी और हथियार डिपो को एक झटके में खत्म कर सकता है। इस तरह भारत भी अब



इजरायल की स्टाइल में एयर स्ट्राइक करने में सक्षम होगा। नागास्त्र-1 को इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव कंपनी की ओर तैयार किया गया है, जो नागपुर में स्थित है। सेना की ओर से नागास्त्र-1 का परीक्षण किया जा चुका है। चीन से लगती सीमा के पास लद्दाख की नुब्रा घाटी में इसे अंजाम दिया गया था। रक्षा एक्सपर्ट मानते हैं कि सुसाइड ड्रोन के आ जाने से भविष्य में सर्जिकल स्ट्राइक के लिए फाइटर जेट की जरूरत नहीं होगी। ये ड्रोन अपने आप में इतने सक्षम हैं कि दुश्मन के घर में चुपके से घुसकर हमला कर सकते हैं।

### तुष्टिकरण के खेल में ममता ने फिर चला ट्रंप कार्ड

#### विधानसभा में ध्वनिमत से पारित कराया वक्फ बिल वापसी का प्रस्ताव

**कोलकाता (एजेंसी)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को संसद से वापस लेने का आग्रह करने संबंधी एक प्रस्ताव मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया, जबकि भाजपा विधायकों ने इसका विरोध करते हुए बहिर्गमन किया। मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय द्वारा पेश प्रस्ताव में दावा किया गया कि यदि यह विधेयक पारित हो जाता है तो इससे देश में



वक्फ प्रशासन प्रभावित होगा और इसलिए मौजूदा कानून में इस तरह का कोई भी बड़ा बदलाव करने से पहले अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा सदस्यों ने विधानसभा से वाकआउट किया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह प्रस्ताव सदन के कीमती समय की बर्बादी है, क्योंकि वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया है और इसका कार्यकाल हाल ही में 2025 में संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ा दिया गया है। अधिकारी ने दावा किया कि जेपीसी, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के दो सांसद सहित अन्य विपक्षी सांसद भी शामिल हैं, द्वारा अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने तक विधेयक पर कुछ भी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। भाजपा विधायक ने दावा किया कि यह प्रस्ताव वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से है।

# स्वर्ण मंदिर के बाहर अकाली सुखबीर बादल पर चली गोली

- बाल-बाल बचे अकाली दल के दिग्गज नेता, आरोपी गिरतार

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम पर गोली चलाने की कोशिश की गई। उन पर हमले की यह कोशिश तब हुई जब वे स्वर्ण मंदिर के बाहर दरबान के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। फायरिंग से पहले ही वहां खड़े अन्य सेवादारों ने हमलावर को पकड़ लिया और सुखबीर बादल पर हमले की कोशिश नाकाम हो गई। स्वर्ण मंदिर में सुखबीर बादल पर हमले की कोशिश करने वाले आरोपी की पहचान नारायण सिंह के तौर पर हुई है, जो कि पहले भी कई आतंकी घटनाओं से जुड़े केसों में शामिल रहा था। अकाली दल के प्रमुख नेता पर हुए इस हमले



को लेकर पार्टी के नेता डॉ.दलजीत सिंह चीमा से लेकर बिक्रम सिंह मजीठिया ने पंजाब की आप सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने एक पंजाबी न्यूज चैनल से बातचीत में यह भी कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था बेहद खराब हो चुकी है। सुखबीर बादल पर हमले की कोशिश करने वाले आरोपी को तुरंत की पकड़ लिया गया। वे इस हमले में बाल-बाल बचे हैं, क्योंकि गोली उन्हें न लगकर दीवार में जा लगी थी। बताया जा रहा है कि आरोपी खालिस्तान समर्थक रहा है, भी खालिस्तानी गतिविधियों में शामिल रह चुका है।

मैं समंदर हूं, लौटकर आऊंगा..

# आज के 'अभिमन्यु' देवेन्द्र फडणवीस ने तोड़ा चक्रव्यूह

- बन गए महाराष्ट्र के अगले सीएम, तीसरी बार लेंगे शपथ
- शिंदे और पवार के साथ पेश किया सरकार बनाने का दावा

**मुंबई (एजेंसी)।** देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, एनसीपी लीडर अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थे। इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया। इसके बाद फडणवीस मुख्यमंत्री आवास वर्षा पहुंचे, यहां शिंदे और पवार के साथ बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक यहां मंत्रियों के नामों पर चर्चा हुई। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम कल 5.30 बजे आजाद मैदान में होगा। शिवसेना नेता ने फडणवीस के नाम के ऐलान के बाद कहा कि 2 डिप्टी सीएम भी कल ही शपथ



लेंगे। दरअसल, चुनाव नतीजों के 11 दिन बाद आज मुंबई में हुई बीजेपी विधायक दल की बैठक में देवेंद्र फडणवीस के नाम पर सहमति बन गई है। सूत्र बताते हैं कि एकनाथ शिंदे और अजित पवार राज्य के डिप्टी सीएम की शपथ लेंगे। हालांकि अभी डिप्टी सीएम को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ भी ऐलान नहीं किया गया है। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद फडणवीस ने कहा कि मैं एकनाथ शिंदे और अजित पवार करा शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाएंगे। हमें यह बात भी याद रखनी है कि एक हैं तो सेफ हैं।

## आईएसआईएस पर से आतंकी संगठन का ठप्पा हटाइए मीलॉर्ड!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को जेल में बंद आईएसआईएस के कथित इंडिया हेड और आतंकी साकिब नाचन की याचिका पर सुनवाई हो रही थी, जिसमें उसने शीर्ष न्यायालय से कुख्यात आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया और अन्य पर से आतंकी संगठन का ठप्पा हटाने की मांग की थी। नाचन ने अपनी याचिका में कहा है कि इन संगठनों को आतंकी संगठन घोषित करने वाली सरकारी दो अधिसूचनाओं को रद्द करने का आदेश दिया जाय। नाचन पहले भी आतंकी घटनाओं में शामिल रहा है और इस समय आईएस से अपने संबंधों और भारत विरोधी गतिविधियों के केस में जेल में है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता साकिब नाचन जो फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है, सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल से पेश हुआ था। इसे देखते हुए जस्टिस सूर्यकांत ने उसे कानूनी मदद लेने की पेशकश की और सलाह दी कि एमिकस क्यूरी की मदद लेकर अपना केस अदालत में रखे। जस्टिस कांत ने कहा, हमने सुझाव दिया था कि आपको एमिकस क्यूरी मुहैया कराई जाए.. कृपया वह सेवा लें..हम आपकी बात भी सुनेंगे।

## संभल नहीं जा सके राहुल-प्रियंका

# गाजीपुर बॉर्डर से लौटे

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 4 घंटे जाम से लोग परेशान,कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीटा

**नई दिल्ली/संभल (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बुधवार को उत्तर प्रदेश के संभल नहीं जा सके। यहां उन्हें हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन से मिलना था। यूपी पुलिस ने उनके काफिले को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक लिया। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 4 घंटे तक 5 किमी लंबा जाम लगा रहा। हालांकि, राहुल-प्रियंका यहां 3 घंटे ही रुके थे। जाम की वजह से ट्रैफिक में फंसे लोग नाराज हो गए। उनकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीट दिया। इससे पहले राहुल ने भी अफसरों से बातचीत की। कहा- मैं पुलिस की गाड़ी में अकेले जाने को तैयार हूं लेकिन अफसर राजी नहीं हुए। राहुल हाथ में संविधान लेकर कार पर चढ़ गए। मीडिया को संबोधित किया। इसके बाद राहुल-प्रियंका दिल्ली



लौट गए। उन्होंने कहा- अब 6 दिसंबर को संभल जाएंगे। संभल में कोर्ट के आदेश पर 24 नवंबर को जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी।

# बांग्लादेश में अब हिंदुओं का सफाया करने की हो रही कोशिश

## ब्रिटिश सांसद बोले-वहां घर जलाए,पुजारियों को जेल भेजा

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले को लेकर ब्रिटिश सांसदों ने चिंता जताई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद हिंदुओं का सफाया (एथनिक क्लींजिग) करने की कोशिश हो रही है। ब्रिटिश संसद में एक बहस के दौरान ब्लैकमैन ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के घर जला दिए गए हैं। उनके दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की जा रही है। पुजारियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। ब्लैकमैन ने कहा कि इस मामले पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी ब्रिटेन की है, क्योंकि उन्होंने ही बांग्लादेश को आजाद कराया था।



## हिंदुओं पर अत्याचार, ऐक्शन ले सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार और एक हिंदू पुजारी को गिरफ्तार करने का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में गूंजा। कृष्ण नगरी मथुरा की सांसद हेमा मालिनी समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ सदस्यों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का अनुरोध किया और संसद से एक प्रस्ताव पारित करने की भी मांग की। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर और इस्कॉन संस्था एवं उसके अनुयायियों पर चरमपंथियों द्वारा किए जा रहे हमले निंदनीय हैं। उन्होंने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस्कॉन के लोग मानवता के लिए अच्छा काम कर रहे हैं।



# नदियों के साथ नल भी जमे, सख्त हुए ठंड के तेवर



## हिमाचल में हाल बेहाल,राजस्थान में 3 डिग्री तक गिरा पारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईएमडी के अनुसार, अगले तीन-चार दिनों तक राजस्थान के अलावा उत्तर भारत के कई राज्यों में रात के तापमान में गिरावट आएगी। इससे कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। पहाड़ों से आ रही हवाओं ने भी उत्तर भारतीय राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। राजस्थान के सीकर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज हुआ। राज्य के ही करौली, बारां, चूरू, चित्तौड़गढ़ में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा। अगले कुछ दिनों में राज्य के अधिकतर हिस्सों का तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिरने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू और लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर मंगलवार को भी रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी रहा। इस कारण राज्य के कल्पा में न्यूनतम तापमान -1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। तापमान गिरने से झरनों, नदी-नालों के साथ अब नल भी जमने लगे हैं। बीते दिन शिमला सहित कई अन्य इलाकों में मौसम साफ रहा। इससे अधिकतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी भी दर्ज हुई। मौसम विभाग ने बुधवार से 7 दिसंबर तक प्रदेश में सभी जगह मौसम के साफ रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। हालांकि, प्रदेश के मैदानी इलाकों में कोहरा रहेगा। विभाग ने 8 व 9 दिसंबर को लाहौल-स्पीति, कुल्लू, चंबा, किन्नौर, मंडी व कांगड़ा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश-बर्फबारी का अनुमान जताया है। वहीं, पंजाब में अगले 6 दिनों तक मौसम ड्राई रहने का अनुमान है। मध्यप्रदेश में मंगलवार को छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल, मालवा-निमाड़, बुंदेलखंड में बादल छाए रहे। मौसम



विभाग अनुसार अगले दो दिन तक बादल छाए रहने का अनुमान है, लेकिन बारिश के आसार नहीं हैं। बादलों की वजह से रात का टेम्परेचर भी 6 डिग्री तक बढ़ गया है। यूपी में सोमवार रात को मेरठ सबसे ठंडा शहर रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. शाही ने बताया कि मंगलवार को मौसम में फिर बदलाव हुआ। रात के तापमान में गिरावट आई, जबकि दिन का तापमान बढ़ गया। वेस्ट यूपी के शहरों की हवा में दो दिन में सुधार आया है। मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर में एक्यूआई रेड जोन से नीचे आया है। राजस्थान में 5 दिसंबर से सर्दी के तेवर तेज हो सकते हैं। राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिरने की संभावना है। इसके साथ ही उत्तर-पूर्वी राजस्थान के शहरों में सुबह-शाम सर्द हवाएं चल सकती हैं। पिछले 24 घंटे में राज्य में सभी जगह आसमान साफ रहा। मध्यप्रदेश में इस समय दो तरह का मौसम है। फेंगल तूफान से प्रदेश में बादल छाए हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रांतिसूर्य टंट्या मामा का 135वां बलिदान दिवस

**भोपाल।** हर साल 4 दिसंबर को क्रांतिसूर्य टंट्या मामा का बलिदान दिवस मनाया जाता है। क्रांतिकारी टंट्या भील जनजातीय समुदाय में टंट्या मामा और भारतीय रॉबिनहुड के रूप में जाने जाते हैं। वे स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख योद्धा थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और समाज के गरीब एवं वंचित वर्गों की मुक्त हस्त से मदद की। क्रांतिकारी टंट्या मामा का जन्म 26 जनवरी 1842 को मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के पंधाना में हुआ था।

जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने टंट्या मामा के 135वें बलिदान दिवस पर उनका पुण्य-स्मरण किया। उन्होंने कहा कि टंट्या मामा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के जनजातीय क्षेत्रों में ब्रिटिश शासन के खिलाफ जन आंदोलन के नायक थे। उन्होंने अपने समुदाय को संगठित किया और अत्याचारों के खिलाफ आवाज़ उठाई। टंट्या मामा ने अमीरों से धन छीनकर गरीबों और वंचितों की मदद की। उनके इस कार्य ने उन्हें आमजन का नायक बना दिया। उन्होंने गुरिल्ला युद्धकला अपनाई, जिससे ब्रिटिश सेना उन्हें पकड़ने में लंबे समय तक असमर्थ रही। ब्रिटिश सरकार द्वारा 4 दिसंबर 1889 को टंट्या मामा को गिरफ्तार कर जबलपुर में फांसी दे दी गई थी। यह दिन उनके साहस, बलिदान और राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद करने का है। उनका बलिदान सामाजिक जागरण से समानता लाने की दिशा में प्रेरणा का स्रोत है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा की समाधि पातालपानी में स्थापित है।

### वाल्मी में आयोजित होगा दो दिवसीय प्रशिक्षण कायक्रम

भोपाल । पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल बुधवार को मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी), भोपाल में आयोजित मनरेगा अन्तर्गत युक्त-धारा पोर्टल के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रात: 10 बजे शामिल होंगे। दो दिवसीय प्रशिक्षण 04 एवं 05 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यों मध्यप्रदेश, केरल, गुजरात, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, पंजाब और पांडिचेरी के प्रतिभागी भाग लेंगे।

स्टेट लेवल जीआईएस नोडल अधिकारी, जिला स्तर एमआईएस समन्वयक, फील्ड लेवल टेक्निकल एक्सपर्ट, जीआईएस मैनेजर, जीआईएस टेक्निकल एक्सपर्ट/डीटीआरटी, सहायक यंत्री, राज्य स्तरीय जीआईएस नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर सहायक जिला एमआईएस पर्सन, स्टेट प्रोजेक्ट ऑफिसर जीआईएस (सीएफपी), डिस्ट्रीक्ट इंजीनियर, डिस्ट्रीक्ट आईटी प्रोफेशनल, इंजीनियर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी स्तर के अधिकारी प्रशिक्षण में शामिल होंगे।

भारत सरकार द्वारा युक्त-धारा रिमोट सेंसिंग पोर्टल लांच किया गया है। यह पोर्टल रिमोट सेंसिंग के जरिए डेटा जुटाएगा, जिससे कृषि क्षेत्र के विकास में काफी मदद मिलेगी। इसके साथ ही मनरेगा की संपत्तियों को सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा युक्त-धारा पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल की मदद से मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों और दर्ज संपत्तियों की जानकारी जुटाई जाएगी। यह पोर्टल ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को पूरा करने में मदद करेगा, साथ ही कृषि विकास के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा। इस पोर्टल के जरिए अलग-अलग प्रकार की थीमेटिक परतों, मल्टी-टेम्पोरल हाई रेजोल्यूशन अर्थ ऑब्जर्वेशन डेटा और एनालिटिकल उपकरणों को एक साथ एकत्रित किया जा सकता है।

### आरडीएसएस के तहत 5500 किमी बिजली लाइन, केबल का कार्य पूर्ण

भोपाल। रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत मालवा और निमाड़ क्षेत्र में बिजली वितरण क्षमता बढ़ाने, लाइन लॉस कम करने के लिए सतत कार्य किए जा रहे हैं। अब तक करीब 5500 किमी लंबी बिजली लाइन में केबल का कार्य किया गया है। कुल 4800 वितरण ट्रांसफार्मर भी स्थापित किए गए हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इस योजना से उपभोक्ता सेवाओं में बढ़ोत्तरी, आपूर्ति में गुणात्मक सुधार हो रहा है।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम में 565 ग्रिडों पर केपिसिटर बैंक लगा दिए गए हैं। इंदौर शहर के सिरपुर, मालवा मिल, सुखलिया इत्यादि में 20 किमी नई अंडरग्राउंड केबल स्थापित की गई है। मालवा और निमाड़ के इंदौर व उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों में 4800 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। इन ट्रांसफार्मरों से किसानों, घरेलू, व्यापारिक क्षेत्र के अलावा उद्योगों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में भी सुधार एवं बढ़ोत्तरी हुई है।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि कुल 1136 किमी में घरेलू से पृथक कृषि लाइन स्थापित की गई हैं। दो हजार किमी की एलटी

# दीक्षांत, शिक्षा और संस्कारों के साथ राष्ट्र सेवा के संकल्प का प्रसंग-राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीक्षांत, विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और संस्कारों के साथ राष्ट्र सेवा के संकल्प का प्रसंग है। अपनी बौद्धिक, सांस्कृतिक परम्पराओं और संस्कारों को पोषित और पल्लवित करने की प्रतिबद्धता का अवसर है। राज्यपाल श्री पटेल आई.ई.एस. विश्वविद्यालय भोपाल के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर दीक्षित विद्यार्थियों और विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को उपाधि और पदक प्रदान किए।कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रथम दीक्षांत समारोह, विद्यार्थी और विश्वविद्यालय दोनों के लिए अत्यंत भावनात्मक और अविस्मरणीय पल होता है। नये भविष्य के निर्माण पथ पर आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। उन्होंने दीक्षित विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी विकसित भारत के अमृत प्रसंग की प्रतिनिधि पीढ़ी है। आपकी पीढ़ी सौभाग्यशाली है जिन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान का ऐतिहासिक अवसर मिला है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि युवा, कैसा विकसित भारत देखना चाहते है, उसके लिए सरकार को क्या और कैसे करना चाहिए, इन पर अपने विचार सरकार के शीर्ष स्तर तक पहुँचा सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि 12 जनवरी 2025 के ऐतिहासिक प्रसंग के अवसर पर विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद का हिस्सा जरूर बने। विकसित भारत से संबंधित रोचक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, ब्लॉक और निबंध लेखन की राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग ले। राज्यपाल श्री पटेल ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से भी कहा कि संवाद में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करें। उन्हें आवश्यक सुविधाएं, सहूलियत और सहयोग प्रदान करे। विश्वविद्यालय स्तर पर विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद के प्रारूप अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित करे।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित है। विद्यार्थी भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा से जुड़े, सतत अध्ययन करे, अपने स्तर पर आगे बढ़ाने सहभागिता करे और इस पर हमेशा गर्व करें। उन्होंने विश्वविद्यालय और दीक्षित विद्यार्थियों को प्रथम दीक्षांत समारोह की बधाई भी दी। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुधा मूर्ति ने भी दीक्षित विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने, चुनौतियों से जुझने और आत्म मंथन प्रक्रिया पर ज्ञानवर्धक और प्रेरक उद्बोधन दिया।

राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया। उनका कुलाधिपति श्री बी.एस. यादव ने शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। राज्यपाल श्री पटेल ने दीक्षांत समारोह में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुधा मूर्ति, समाजसेवी पद्मश्री अशोक भगत और कारगिल युद्ध के परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर श्री योगेन्द्र सिंह यादव को मानद उपाधि प्रदान की। स्वागत उद्बोधन कुलाधिपति श्री यादव ने दिया। कुलपति श्री जी.के. पाण्डेय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आभार श्री देवांश यादव ने माना। कार्यक्रम में श्री सुदेश शांडिल्य जी महाराज, विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय अध्यक्ष और विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह को मिलेगा कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एन्ड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सर्विसेस एवं इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस का प्रतिष्ठित कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड-2023 मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना को देने का निर्णय लिया गया है। विद्युत गृह को यह अवार्ड लार्ज स्केल इंटरप्राइजेस मेजर इंडस्ट्री केटेगरी में मिलेगा। उल्लेखनीय है कि श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना ने अवार्ड के लिए निर्धारित सेफ्टी (सुरक्षा), स्वास्थ्य व पर्यावरण से संबंधित सभी मापदंडों को



सफलातपूर्वक पूर्ण किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई व पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के समस्त अभियंताओं एवं कार्मिकों को इस अवार्ड के लिए चयनित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना को यह अवार्ड 18 दिसंबर को भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले समारोह में दिया जाएगा।

# निजी चिकित्सालयों में दर सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** आयुक्त, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी ने प्रदेश के सभी निजी चिकित्सालयों (नर्सिंग होम) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अस्पताल में प्रदायित सभी चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची (रेट लिस्ट) प्रमुखता से प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें बेहतर और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये यह महत्वपूर्ण है। निजी चिकित्सालयों में काउंटर पर दर सूची का प्रदर्शन अनिवार्य है। रोगी या उनके परिवारजन द्वारा मांग करने पर दर सूची दिखाना अस्पताल प्रबंधन का दायित्व भी होगा। इसके अलावा, यदि किसी अस्पताल को दर सूची में संशोधन करना हो, तो इसकी लिखित सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना आवश्यक है। संशोधित दर सूची को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा। इसका उद्देश्य रोगियों के अधिकारों की रक्षा करने और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाना है।

यह निर्देश म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम, 1973 और नियम, 1997 (यथासंशोधित 2021) के नियम 17 के अनुसार जारी किए गए हैं।

सभी निजी चिकित्सालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इन प्रावधानों का पालन करें। आयुक्त श्री राठी ने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इसके अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। दर सूची के बिना अतिरिक्त शुल्क लेना नियमों का उल्लंघन है, मनमानी शुल्क वसूलने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत निरीक्षण करने के आयुक्त ने निर्देश दिये हैं।

### कंपनी द्वारा ऑनलाइन अपील पोर्टल विकसित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी के कार्मिकों के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई को लेकर एक अपील पोर्टल तैयार किया गया है। उस पर ऑनलाइन अपील अभ्यावेदन स्वीकार किए जाएंगे। साथ ही प्रकरणों के निराकरण की जानकारी भी पोर्टल पर उपलब?ध कराई जाएगी।

# राज्य शासन ने जारी किए दो आईपीएस के ट्रांसफर ऑर्डर




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कैलाश मकवाना के मप्र का नया पुलिस महानिदेशक बनते ही राज्य शासन ने डीजी पद के दावेदार रहे अफसरों के बुधवार को तबादला आदेश जारी कर दिए। इसमें 1989 बैच के आईपीएस और वर्तमान में डीजी ईओडब्ल्यू अजय कुमार शर्मा को मप्र पुलिस आवास और अधोसंरचना विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है।

इसी तरह 1991 बैच के आईपीएस एमपी पुलिस आवास और अधोसंरचना विकास निगम के प्रबंध संचालक उपेंद्र कुमार जैन (स्पेशल डीजी) को डीजी ईओडब्ल्यू के पद पर पदस्थ किया गया है।

**अभी और आईपीएस के होंगे तबादले**

प्रदेश के कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों और अन्य आईपीएस अफसरों के भी तबादले जल्द होंगे। यह तबादले नवम्बर में ही होना थे। लेकिन नए डीजीपी के चयन के चलते तबादलों की कार्यवाही को रोक दिया गया था। सीएम डॉ मोहन यादव ने नए डीजीपी के चयन के बाद पुलिस अफसरों के तबादले पर सहमति दी थी। अब जबकि सीएम यादव विदेश दौरे से लौट आए हैं और नए डीजीपी कैलाश मकवाना ने चार्ज लेने के बाद कामकाज शुरू कर दिया है, तो जल्दी ही कुछ जिलों के एसपी, रेंज आईजी के साथ सीनियर आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर आदेश जारी किए जाएंगे। मंत्रालय अफसरों के मुताबिक तबादला लिस्ट तैयार है, इसमें नए डीजीपी के साथ चर्चा के बाद बदलाव कर आदेश किए जाना है।

### लोक निर्माण से लोक कल्याण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की पहल पर 4 दिसंबर को प्रशासन अकादमी भोपाल में निर्माण क्षेत्र में नवीन तकनीकों पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री केसी गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और युवा इंजीनियर भाग लेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य विभागीय कार्यों में नवीनतम तकनीकी प्रगति को शामिल करना और विकास परियोजनाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। कार्यशाला के दौरान 19-20 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) के सेमिनार और रायपुर में हुए वार्षिक अधिवेशन में हुई चर्चाओं को साझा किया जाएगा। इन चर्चाओं से विभागीय कार्यों में तकनीकी प्रगति के महत्व और इसके उपयोग पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भवन विकास निगम और लोक निर्माण विभाग के भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 26 युवा इंजीनियर कार्यशाला में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इन रिपोर्ट्स में प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और उसे व्यावहारिक रूप से लागू करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा होगी। कार्यशाला को प्रभावी बनाने के लिए 4 समूहों का गठन किया गया है। प्रत्येक समूह, निर्माण क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों पर गहन चर्चा करेगा और निष्कर्ष आधारित ठोस कार्य योजना तैयार करेगा। कार्य योजना लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। कार्यशाला में भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के डीन श्री रोहित कपूर भी शामिल होंगे। वह अपने अनुभव और ज्ञान से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे और नवीनतम तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग के महत्व को रेखांकित करेंगे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य निर्माण और भवन विकास क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को शामिल करना, युवा इंजीनियरों की क्षमताओं को बढ़ाना, और विभिन्न विकास परियोजनाओं की कार्य योजना को अधिक सटीक और प्रभावी बनाना है।

# परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में शामिल हुए मध्यप्रदेश के विद्यार्थी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय शैक्षिक सर्वेक्षण, ''परख'' राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण-2024 आज चयनित शालाओं में एक साथ किया गया। यह सर्वेक्षण प्रदेश की लगभग 5742 चयनित शालाओं में किया गया। इस सर्वेक्षण में कक्षा 3, 6 एवं 9 के करीब एक लाख 45 हजार विद्यार्थियों ने हिंदी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।



उल्लेखनीय है कि परख एक राष्ट्रीय मूल्यांकन संस्था है। परख का अर्थ है प्रदर्शन, मूल्यांकन, समीक्षा और समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण। यह एक राष्ट्रव्यापी स्कूल शिक्षा सर्वेक्षण है, जिसमें सेंपल सर्वेक्षण के आधार पर देश के स्कूल शिक्षा का आंकलन किया जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में नेशनल कॉउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के द्वारा परख सर्वेक्षण आयोजित किया जाता है।

इस राष्ट्रव्यापी स्कूल शिक्षा सर्वेक्षण को पहले नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एनएएस) के रूप में जाना जाता था, जिसका आयोजन हर तीन साल में किया जाता है। पिछली बार नेशनल अचीवमेंट सर्वे-2021 में हुआ था। इसमें मध्यप्रदेश ने देश भर में पाँचवां स्थान प्राप्त किया था। इस सर्वे को समय के साथ देश की स्कूली शिक्षा प्रणाली की प्रगति का मूल्यांकन और निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सर्वेक्षण भाषा, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और हमारे आस-पास की दुनिया (पर्यावरण जागरूकता पर केंद्रित विषय) जैसे प्रमुख विषयों के बारे में छात्रों की समझ का आंकलन करता है। पेपर-आधारित मूल्यांकन और आधुनिक ओ.एम.आर तकनीक को मिलाकर एक व्यापक पद्धति के साथ, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 न केवल छात्रों के शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन है, बल्कि पूरे भारत में लाखों छात्रों के लिए शैक्षिक परिदृश्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सर्वेक्षण के परिणामों का उपयोग शैक्षिक सुधारों और भविष्य के नीतिगत निर्णयों के लिए किया जाता है।

# आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं बढ़ रही है समृद्धि की ओर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश का ऐतिहासिक जिला बुरहानपुर अपने समृद्ध इतिहास के साथ केले के लिए देशभर में जाना जाता है। केला जिले की प्रधान फसल है। जिले में करीबन 25 हजार 239 हैक्टेयर क्षेत्र में केला फसल का रकबा है। वहीं 18 हजार 625 कृषकों द्वारा केला फसल लगाई जाती है।



केले में प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व होते है। एक जिला-एक उत्पाद अंतर्गत शामिल केला फसल के तने के रेशे से, जिला प्रशासन द्वारा नवाचारों की श्रृंखला बनाकर उसे धरातल पर परोसने का कार्य जारी है। इस कार्य में आजीविका मिशन अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कहते हैं कि महिलाओं के हाथों में कमाल का हुनर होता है, जिसे निखारने के लिए अवसर चाहिए होता है। यही मौका राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिले की महिलाओं को उपलब्ध करा रहा है। सरकार की मंशानुसार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी है। जिले में केले के तने के रेशों से विभिन्न उत्पाद तैयार किये जा रहे है। स्व- सहायता समूह की महिलाओं को इस कार्य के लिए तकनीकी मार्गदर्शन के साथ प्रशिक्षित किया जाता है, जिससे वे पर्स, टोकरियां, झाड़ू, फाईल फोल्डर, पेन स्टैण्ड, झूमर, तोरण, टोपियां, की-रिंग आदि उत्पाद तैयार करती है। इन उत्पादों के विक्रय से उन्हें आर्थिक संबल मिल रहा है। सामुदायिक भवन दर्यापुर में महिलाएं केले के तने के रेशे से चटाई बनाने का कार्य कर रही हैं। महिलाएं चटाई की बुनाई के लिए विविंग मशीन का उपयोग कर, इस काम को आसानी से कर पा रही हैं। इस कार्य में जुटी महिलाएं बताती है कि, एक मीटर चटाई बनाने में 2 घंटे का समय लगता है और उससे 200 रूपये की आमदनी होती है। मांग के अनुसार चटाई की संख्या घटाई-बढ़ाई जाती है। विविंग मशीन से चटाई बनाने में समय की काफी बचत होती है और उसकी फिनिशिंग भी अच्छी आती है। विविंग मशीन तमिलनाडु राज्य से बुलाई गई है। इसके अलावा जिले में समूह की महिलाओं को केले के तने से फाईबर निकालने के लिए फाइबर एक्सट्रेक्टर मशीनें भी उपलब्ध कराई गई है।

### मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि वितरित की

# जिले के 96 हितग्राहियों को 2 करोड़ 16 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि






**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ''मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना'' के अंतर्गत 10 हजार 236 श्रमिक परिवारों को 225 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया। कार्यक्रम में सीधी जिले के 96 हितग्राहियों को 2 करोड़ 16 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि वितरित की गई। जिले में सभी जनपद मुख्यालयों तथा नगरीय निकायों में वेबकास्ट का सीधा प्रसारण किया गया, जहाँ हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई। एनआईसी कक्ष में विधायक सीधी रीती पाठक, अध्यक्ष जनपद पंचायत सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी, श्रम निरीक्षक एवं प्रभारी श्रम अधिकारी इंद्रजीत सिंह व हितग्राही शामिल हुए।

कार्यक्रम में जिले के संबल योजना अन्तर्गत 96 हितग्राहियों को 02 करोड़ 16 लाख रूपये अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। जनपद पंचायत सीधी के 43 हितग्राहियों को 94 लाख रूपये, सिहावल के 10 हितग्राहियों को 24 लाख रुपये, कुसमी के 23 हितग्राहियों को 52 लाख रूपये, रामपुर नैकिन के 06 हितग्राहियों को 14 लाख रूपये, नगर पालिका परिषद सीधी के 05 हितग्राहियों को 12 लाख रूपये, नगर पंचायत चुरहट के 03 हितग्राहियों को 06 लाख रूपये, नगर पंचायत मझौली के 02 हितग्राहियों को 04 लाख रूपये एवं नगर पंचायत रामपुर नैकिन के 04 हितग्राहियों को 10 लाख रूपये अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया।

### बंग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का विरोध

## सनातन चेतना मंच ने निकाली रैली, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू, जैन, बौद्ध, सिक्ख और ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जाहिर करते हुए बुधवार को छतरपुर में सनातन चेतना मंच के बैनर तले धरना प्रदर्शन करने के बाद ज्ञापन सौंपा गया। जिला मुख्यालय के मेला ग्राउंड में धरना दिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए एकजुट होने का आवाहन किया। धरने के बाद लोग रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए छत्रसाल चौक से चौबे तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति के नाम दिए गए भेजे गए ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हो रहा अत्याचार चिंतनीय है। यह न केवल मानवाधिकार का उल्लंघन हैं, बल्कि इस अत्याचार से हमारी साझा सांस्कृतिक तथा धार्मिक मूल्य भी आहत हो रहे हैं। स्वतंत्रता के समय बांग्लादेश में 22 फीसदी हिंदू थे, लेकिन यातनाओं के कारण अब यह संख्या मात्र 7.9 फीसदी रह गई है। बताया गया कि 5 अगस्त को फैली हिंसा के बाद बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय को लक्ष्य बनाकर हत्याएं की जा रही है। घरों को लूटते हुए जवान बेटियों पर अत्याचार किए जा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से सनातन चेतना मंच द्वारा आग्रह किया है कि भारत सरकार इस गंभीर मुद्दे पर सकारात्मक हस्ताक्षेप करते हुए तत्काल ठोस कदम उठाए। ताकि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय को सुरक्षा मिल सके।

**यह रहे उपस्थित:** इस मौके पर सनातन चेतना मंच के विनोद टिकरया, संगठन सह संयोजिका करुणा चौहान, सह संयोजक भूपेन्द्र नायक, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह गुड्डू, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफएक्सीलेंस में दो दिवसीय वार्षिक खेल- कूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ पी के सिंह के अध्यक्षता में महाविद्यालयीन वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता 30 नवंबर को सम्पन्न हुई। विधायक सीधी द्वारा सरस्वती माता को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के बाद प्रथम दिवस की प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अध्यनरत छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

प्रथम दिवस में छोटी दौड़, फेंक एवं कूद का आयोजन हुआ, जिसमें पुरुष वर्ग 100 मीटर में रूपेश गोस्वामी, 200 मी. में देवराज सिंह, 400 मी. और 800मी. में अमर सिंह बैश, 1500मी. में रवीन्द्र विश्वकर्मा प्रथम स्थान पर रहे। फेंक प्रतियोगिता - गोला एवं तवा फेंक में विश्वजित सिंह, भाला फेंक में शैलेंद्र वर्मा और कूद प्रतियोगिता में- लम्बी कूद में रूपेश गोस्वामी, त्रिकूद में सौरभ सिंह और ऊंची कूद में विपिन साकेत प्रथम स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ डाली मिश्रा, 200 मीटर महिमा पाण्डेय, 400 मीटर नेहा रजक, 800 मीटर प्रियंका यादव, 1500 मीटर दौड़ अंजली साहू, गोला फेंक में प्राची सिंह, तवा फेंक में संगीता सिंह, लम्बी कूद में डाली मिश्रा, ऊँची कूद मे नेहा रजक एवं त्रिकूद मे स्वाती सिंह प्रथम स्थान पर रही।

द्वितीय दिवस में लंबी दूरी एवं पैदल चाल की प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें लम्बी दूरी दौड़ - 5 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर में प्रवीण जायसवाल, 20 किलोमीटर में योगेश पांडेय, 20 किलोमीटर पैदल चाल में शिवम शुक्ला प्रथम स्थान पर रहे। महिला वर्ग में लम्बी दूरी की 5 किलोमीटर दौड़ मे प्रियंका तिवारी एवं 10 किलोमीटर मे गीतांजलि तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 20 किलोमीटर पैदल चाल मे स्वाती सिंह प्रथम स्थान पर रही।

मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने आगे के प्रतियोगिता के लिए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।संभाग स्तरीय प्रतियोगिता विश्वविद्यालय स्टेडियम रीवा में संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में महाविद्यालय परिवार के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में डॉ रियाजुद्दीन कीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय सिहावल एवं कैलाश वर्मा कोच सीधी साथ-साथ महाविद्यालय के पुरा छात्र एवं मीडिया जनप्रतिनिधि का सराहनीय योगदान रहा। अंत में इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जिन लोगों का योगदान रहा उन सभी लोगों को महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी डॉ रविंद्र नाथ सिंह ने हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण जिले की 97 विद्यालयों में सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 एनसीईआरटी के गाइड लाइन अनुसार कक्षा 3, 6 एवं 9 के छात्रों के लिए सीधी जिले की 97 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संपन्न किया गया।कुल 2499 छात्रों का सर्वे होना था। सर्वे में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से नियुक्त ओआईसी ने जिले की विद्यालयों का भ्रमण किया। सर्वे हेतु सीबीएसई द्वारा आब्जर्वर नियुक्त किया गया था एवं शिक्षा विभाग द्वारा फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति डाइट के स्टूडेंट की गई थी। सभी ऑब्जर्वर एवं सभी फील्ड इन्वेस्टिगेटर समय से पहुंचकर एनसीईआरटी की गाइड लाइन के अनुसार छात्रों की सैंपलिंग करके सर्वे कराया गया एवं सर्वे पश्चात सामग्री सीबीएसई द्वारा नियुक्त आरसीसी सेंटर में जमा कराई जा रही है। सर्वे की मॉनिटरिंग जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों द्वारा सतत रूप से की गई एवं बिना किसी व्यवधान के सर्वे संपन्न हुआ।

## पुलिस ने 23 लाख की खाद जब्त की

### ट्रक में भरकर अवैध रूप से की जा रही थी परिवहन, ड्राइवर गिरफ्तार, दो फरार



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में पुलिस ने बुधवार को खाद का अवैध रूप से परिवहन करते हुए ट्रक को जब्त किया है। साथ ही तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक ट्रक में 700 बोरी खाद कीमत 23 लाख रुपए जब्त किया गया है। साथ ही ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो आरोपी फरार हैं। नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम ने बताया कि पुलिस को अवैध रूप से खाद के परिवहन संबंधी सूचना मिली थी। पुलिस टीम संबंधित स्थान झांसी खजुराहो फोरलेन हाईवे पर पहुंची। खाद लोड किए खड़े ट्रक के चालक से पूछताछ की गई, आवश्यक वैध दस्तावेज मांगे गए। उनके पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिले। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य से रजिस्टर्ड ट्रक आरजे 26 जीबी 1114 में लोड 700 बोरी उर्वरक कुल अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपए जब्त किया गया है। इस मामले में तीन आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की गई है ट्रक ड्राइवर मनराज गुर्जर पिता रामनिवास निवासी टोंक राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## हम होंगे कामयाब पखवाड़ा लोक अधिकार केन्द्र मझौली में मनाया गया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास आर सी त्रिपाठी के सहयोग से हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत 04 दिसम्बर 2024 लोक अधिकार केन्द्र मझौली में महिला बाल विकास एवं आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में हिंसा उन्मूलन संबंधी लैंगिक समानता, महिलाओं के हक और अधिकार, विभिन्न विभागों तक महिलाओं की पहुंच बनाये जाने हेतु संवाद एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सिरौला, पाड़, दियाडोल, देवरी ठोगा, सिलवार, सहिजनहा, मड़वास, चमराडोल की स्वसहायता समूह की महिलायें उपस्थित थी। कार्यक्रम महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जेण्डर सीआरपी साधना साकेत, ललिता साकेत, माया सिंह, शंकुतला कुशवाहा, लक्ष्मी कुशवाहा ने अपनी बातों को सभी के समक्ष रखा। महिला हिंसा से संबधित समस्या का समाधान कैसे करें इस विषय पर कुलदीप चौबे परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास ने अपने विचारों को रखा और लोगों का समझाइस दी कि घरेलू हिंसा को कैसे रोका जा सकता एवं समस्या आने पर महिला बाल विकास एवं लोक अधिकार केन्द्र के माध्यम से समस्या का समाधान होता है एवं पति पत्नी के बीच दो विवादों का समझौता कराया।

## राष्ट्रीय रामायण मेला भाटापारा में अमरवाणी थिएटर की नाट्य प्रस्तुति

### गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर आधारित नाटक "तुलसी का संसार" का हुआ मंचन




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** माता कौशल्या के ननिहाल छत्तीसगढ़ की पावन धरा भाटापारा में आयोजित राष्ट्रीय रामायण मेला के दूसरे दिवस गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर आधारित अमरवाणी नाट्य समिति सीधी द्वारा तुलसी का संसार नाटक का मंचन हुआ। यह नाटक वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे द्वारा लिखित है एवं इसके गीत ख्यातिलब्ध गीतकार रमन द्विवेदी द्वारा लिखे गए हैं। इसका निर्देशन एवं परिकल्पना मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से स्नातक युवा निर्देशक अमर द्विवेदी द्वारा किया गया है। नाटक गोस्वामी तुलसीदास के जन्म से लेकर उनके संघर्षो की कहानी कहता है। नाटक में उनकी शिक्षा, विवाह, श्रीरामचरितमानस की रचना, एवं मृत्यु के बारे में बताया गया है। यह नाटक विगत माह में चल रही नाट्य कार्यशाला के दौरान शामिल होने वाले प्रतिभागियों द्वारा तैयार किया गया। नाटक में अरुणा पाठक, राजमणि तिवारी, योगेन्द्र द्विवेदी, उमेश पाण्डेय, भूमिका निगम, कृष्णा मिश्रा, आशीष दाहिया, अंशिका तिवारी, आरती पाण्डेय, श्रेया सोनी, अखिल तिवारी, आयुष पाण्डेय, अनंत द्विवेदी, रितेश नामदेव, साक्षी तिवारी, शिवांशु तिवारी, श्रद्धा गुप्ता, नेहा मिश्रा एवं अमर द्विवेदी ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक में गायन कपिल तिवारी, वादन रावेन्द्र तिवारी, उमेश सोनी और संगीत संचालन अखिल तिवारी ने किया।

वेशभूषा परिकल्पना भूमिका निगम, मंच सामग्री का निर्माण आशीष, श्रद्धा और प्रकाश परिकल्पना सुनील रावत ने किया। साथ ही नाटक के पहले राष्ट्रीय रामायण मेला के राष्ट्रीय लोकनर्तक राजमणि तिवारी द्वारा दुलदुल घोड़ी नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही अरुणा पाठक द्वारा सती अनुसुइया के बारे में प्रवचन किया गया और उनके आदर्शो के अनुकरण की बात कही गई। इसके बाद लोकगायक कपिल तिवारी द्वारा बघेली लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

### टीचर ने 6वीं के छात्र के सिर के बाल उखाड़े

## क्लास में चैप्टर का नाम नहीं बताने पर पीटा, कलेक्टर ने दिए एफआईआर के निर्देश




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली में एक टीचर ने छात्र के सिर के बाल उखाड़ दिए। जिससे उसके सिर पर घाव हो गया है। स्कूल प्रबंधन ने आरोपी टीचर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं कलेक्टर ने एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं।

घटना 1 दिसंबर की जवाहर नवोदय विद्यालय पचौर वैढ़न की है। घायल छात्र का वीडियो इसके तीन दिन बाद बुधवार को सामने आया है। आरोपी टीचर का नाम सैयद गाजी है। वह 6वीं क्लास में सोशल साइंस विषय पढ़ा रहे थे। इस दौरान उन्होंने छात्र से एक चैप्टर का नाम पूछा। नाम नहीं बता पाने पर टीचर सैयद गाजी इतने नाराज हुए कि उन्होंने छात्र को जमकर पीटा। साथ ही उसके कान के ऊपर सिर के बाल उखाड़ दिए।

**पिता बोले- स्कूल प्रबंधन दबाव बना रहा:** इस मामले में बच्चे के पिता विनोद कुमार साकेत का कहना है कि वह मजदूरी कर बच्चे को पढ़ा रहे हैं। स्कूल में जिस तरह से उसके बाल उखाड़े गए, वह ठीक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन ने मुझ पर दबाव भी बनाया कि आप इसकी कहीं शिकायत ना करें।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिये हुई संगोष्ठी






**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी, वि.ख.नोडल जिला प्रबंधक-स्किल देवेश मिश्रा एवं सहा. बीओपी सुभाष श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक-सामुद.प्रशि. प्रशांत मिश्रा के सहयोग से हम होंगे कामयाब अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाईजर सरोज सिंह, सुचित्रा देखरिया, केश वर्कर, पुष्पलता शर्मा, मंजुला तिवारी एवं आशा कार्यकर्ता की उपस्थिति में लोक अधिकार केन्द्र विकासखण्ड सीधी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक अधिकार केन्द्र एवं वन स्टॉप सेन्टर में स्व सहायता समूह सदस्यों एवं उनके परिजनों के दर्ज कराये जा रहे प्रकरणों को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये प्रकरणों को निराकरण कराये जाने हेतु विषय पर विस्तृत चर्चा हुयी।

साथ ही नई चेतना अभियान के तहत संवाद एवं शपथ कार्यक्रम आजीविका मिशन कार्यालय सीधी से म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक अशोक पाण्डेय, वि.ख. जेण्डर नोडल मनोज मिश्रा, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक अनामिका मिश्रा, रणजीत सिंह, प्रशान्त सिंह, अमरनाथ यादव की उपस्थिति में आयोजित किया गया। म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वास्तव में ये जेंडर अभियान पहल समाज में बहुत अच्छे बदलाव लाने का एक अवसर है जिससे हमारे समाज का एक अच्छा निर्माण भी हो रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सीआरपी के रूप में समता समन्वयक मीना सिंह, शोभा सिंह, रामवती पटेल समता सखी अर्चना सिंह, संगीता पटेल एवं अन्य स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर समाज के लिए हमें एक अच्छा कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसका वे गर्व भी कर रही हैं। समूह से जुड़ी महिलाओं को नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के बारे में बताकर जागरूक करने एवं लोक अधिकार केंद्र तक महिलाओं की पहुंच बनाकर उनके हित लाभ के लिए अथक प्रयास हेतु गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव सेवाएं, चिकित्सा सहायता, प्राथमिकी दर्ज करने में महिलाओं की सहायता, मनोवैज्ञानिक या परामर्श सहायता, कानूनी सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के साथ-साथ मुफ्त पुलिस और अदालती कार्यवाही के दौरान सहायता प्रदान की जाती है। जागरूकता गतिविधियों के तहत बाल विवाह पर रोक लगाए, बेटी-बेटा में भेदभाव न करने एवं हिंसा पर आवाज उठाई संबंधित आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है।

### बिजनेस न्यूज

## आईसीआईसीआई के मोबाइल ऐप का उपयोग कर तुरंत प्राप्त किया कमीशन



**मीडिया ऑडीटर, जबलपुर निप्र।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइज़र्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइज़र्स की आय में भी इजाफा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी है। कंपनी के पास 2 लाख से अधिक एडवाइज़र्स का नेटवर्क है, और लगभग 61 प्रतिशत शीर्ष एडवाइज़र्स अब इस ऐप का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिल रही है। चीफ ऑफ सेल्स, प्रॉपराइटरी चैनल, राजीव अरोड़ा, ने कहा, मोबाइल ऐप आईप्रू एज ने हमारे एजेंट्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सक्षम बनाया है।

# संपादकीय

## ममता ने लिखी पटकथा

फूट में एकता या एकता में फूट, निश्चित रूप से ऐसा लगता है कि इंडिया गुट ने टी.एम.सी. की ममता के साथ अपनी पहली दरार विकसित कर ली है, जो अमरीका के अडानी अभियोग मुद्दे पर संसद को बाधित करने के ऊपर एक स्वतंत्र पाठ्यक्रम की पटकथा लिख रही हैं, जिससे यह स्पष्ट संदेश जा रहा है कि वह कांग्रेस की रबड़ स्टैंप बनने से इंकार करती हैं, चाहती हैं कि राज्य और रोजी-रोटी के मुद्दे पर संसद चले। इस दिशा में उन्होंने सोमवार को कांग्रेस पर 'अडानी पर अटकने' का आरोप लगाते हुए 'इंडिया' नेताओं की बैठक में भाग नहीं लिया। उन्होंने आगे कहा, ''हम एकमात्र ऐसी पार्टी हैं जो कांग्रेस की चुनावी सांझेदार नहीं है। इसलिए जब हमारे मुद्दे एजैंडे में नहीं हैं तो हम ब्लॉक की बैठक में भाग लेने के लिए बाध्य नहीं हैं।'' उनकी ताकत समझ में आती है क्योंकि उन्होंने राज्य में सभी 6 उपचुनाव जीते हैं। साथ ही, अन्य दलों के सांसदों ने भी मस्जिद सर्वेक्षण को लेकर यू.पी. के संभल में ङ्क्षहसा, पंजाब में धान खरीद में देरी, चक्रवात फेंगल के प्रभाव और बंगलादेश में इस्कॉन भिक्षुओं पर हमले जैसे जरूरी मामलों पर बहस का आह्वान किया है। इसमें कोई शक नहीं कि कांग्रेस ने हाल के लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन महाराष्ट्र और हरियाणा में उसके निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पवार की पार्टी एन.सी.पी. में यह सुगबुगाहट तेज हो गई कि राहुल बेपरवाह और अति आत्मविश्वासी हैं क्योंकि उन्होंने राज्य में केवल 6 रैलियां कीं। इसके अलावा, झारखंड में उन्होंने झामुमो की जीत का समर्थन किया। वह इस भ्रामक धारणा में खुश हैं कि कांग्रेस की लगभग 250 लोकसभा सीटों पर सीधे तौर पर ङ्क्षहदुत्व ब्रिगेड से लड़ाई है, इसलिए इसके बिना कोई भी भाजपा विरोधी लामबंदी संभव नहीं हो सकती। राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का अप्रभावी होना भाजपा के प्रमुख फायदों में से एक है। यह किसी भी क्षेत्रीय क्षत्रप की अखिल भारतीय भूमिका निभाने में असमर्थता से पूरित है क्योंकि कई राज्यों में वे कांग्रेस से लड़ते हुए बड़े हुए हैं और इसके राज्य स्तरीय नेता क्षेत्रीय दलों को किसी भी भाजपा विरोधी गठबंधन में सहयोगी के रूप में नहीं, बल्कि पराजित होने वाले प्रतिद्वंद्वियों के रूप में देखते हैं। एक ऐसा ही मामला दिल्ली है, जहां आगामी विधानसभा चुनावों में 'आप' और कांग्रेस एक-दूसरे से लड़ रही हैं। महाराष्ट्र में भी ऐसा ही हुआ, जहां राकांपा और शिवसेना (यू) दोनों विभाजन के कारण कमजोर हो गईं, लेकिन उन्होंने कांग्रेस के नखरों के आगे झुकने से इंकार कर दिया। यू.पी. में समाजवादी पार्र्टी ने कड़ी सौदेबाजी की और सुनिश्चित किया कि सीटों के बंटवारे में उसके हित प्रबल रहें। इसके अलावा, यह समूह विरोधाभासों से ग्रस्त है।

# जवाबदेह व पारदर्शी प्रशासन के लिए 'पंजाब एफिशिएंसी कमीशन' बने

**तेजी से बदलती दुनिया में सरकारों से प्रभावी, पारदर्शी व जन-केंद्रित शासन की दरकार है। दुनियाभर में सरकारें यूरोक्रेसी की मानसिकता व जनता की समस्याओं के असल समाधान के बीच गहराती खाई की चुनौती से जूझ रही हैं। ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए हाल ही में अमरीका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप के नेतृत्व में दिग्गज कारोबारी एलन मस्क व विवेक रामास्वामी के निर्देशन में 'डिपार्टमैंट ऑफ गवर्नमैंट एफिशिएंसी' (डोज) जैसी पहल से वहां की तमाम सरकारी प्रक्रियाओं को सरल, तेज व असरदार बनाने के प्रयास किए जाएंगे। अपनी समृद्ध विरासत व मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ प्रशासनिक सुधारों की ऐसी पहल पंजाब को नई दिशा में आगे ले जा सकती है।**



शासन की मौजूदा स्थिति = शिक्षित मैनपावर, समृद्ध कृषि अर्थव्यवस्था व उद्यमशील एम.एस.एम.ईज के दम पर पंजाब ने सराहनीय प्रगति की है, पर जनसेवाओं में बाधाएं, संसाधनों का दुरुपयोग व सरकारी नीतियों का प्रभावी ढंग से लागू न होना जैसी समस्याएं राज्य के बहुमुखी विकास में रुकावट हैं। नीति आयोग के गुड गवर्नैंस इंडैक्स 2024 के मुताबिक, स्वास्थ्य, शिक्षा व कल्याणकारी योजनाओं में केरल और इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल डिवैल्पमैंट व सार्वजनिक कल्याण में तमिलनाडु जैसे अग्रणी राज्यों की तुलना में पंजाब पीछे है।

पंजाब के प्रशासनिक ढांचे में 50 प्रमुख विभाग व उनसे जुड़े 163 संगठन और 75 से अधिक एडमिनिस्ट्रेटिव सैक्रेटरीज में से बहुत से वरिष्ठ अधिकारी किसी एक ही सैक्टर की सेवाओं में लगे हैं, जिससे किसी एक अधिकारी की जवाबदेही तय करना मुश्किल है। उदाहरण के लिए अकेले इंडस्ट्रियल सैक्टर से जुड़ी सेवाओं के लिए 17 विभागों को 20 एडमिनिस्ट्रेटिव सैक्रेटरी देखते हैं।

एफिशिएंसी कमीशन = 'पंजाब एफिशिएंसी कमीशन' (पी.ई.सी.) स्थापित कर चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। चीफ सैक्रेटरी स्तर के वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में यह कमीशन सैंट्रलाइज्ड अथॉरिटी के तौर पर सीधे मुख्यमंत्री को रिपोर्ट करे। पी.ई.सी. तमाम विभागों के बीच तालमेल स्थापित करने के साथ अधिकारियों के कामकाज में कुशलता व सरकारी नीतियों को कारगर ढंग से लागू कराने के अलावा डाटा संचालित शासन प्रणाली से जवाबदेह व पारदर्शी सुशासन का बैंचमार्क स्थापित करे।

जवाबदेही व पारदर्शिता = 'पंजाब एफिशिएंसी कमीशन' के तहत एक राज्य स्तरीय 'अकाऊंटेबिलिटी ऑफिस' स्थापित किया जा सकता है, जो विभागों के कामकाज का ऑडिट, खर्चों पर निगरानी व विकास कार्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक करे।

डिजिटल बदलाव = हालांकि पंजाब ने डिजिटल शासन में काफी प्रगति की है लेकिन वैश्विक मानकों को अपनाकर और अधिक सुधार किए जा सकते हैं। अमरीका का 'यूएसए डॉट गवर्नमैंट' पोर्टल नागरिकों के लिए एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है। इंटीग्रेटिट डिजिटल पोर्टल पर पंजाब में लाइसैंस, टैक्स भरने व शिकायत दर्ज करने का एक मंच हो। रोजमर्रा की जरूरी सेवाओं को मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए ट्रैक किया जा सके कि फाइल कहां तक पहुंची व संबधित विभाग द्वारा कब तक इस पर काम पूरा किया जाएगा।

परफॉर्मैंस ट्रैकिंग डैशबोर्ड = अमरीका में राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में लागू 'परफॉर्मैंस डॉट गवर्नमैंट' की तर्ज पर पंजाब एक ऐसा 'परफॉर्मैंस ट्रैकिंग डैशबोर्ड' विकसित कर सकता है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, इंडस्ट्री और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख सैक्टरों की प्रगति पर नजर रखे।

पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी.) = पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल ने इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सर्विस डिलीवरी में उल्लेखनीय सुधार किया है। हाईवे से लेकर हैल्थकेयर और शिक्षा के क्षेत्र में सरकारों ने विशेषज्ञों की मदद से सेवाओं को कम लागत पर बेहतर किया है। उदाहरण के लिए अमरीका के टेनेसी राज्य ने डेटा आधारित बजटिंग मॉडल लागू करके शिक्षा एंव स्वास्थ्य सेवाओं पर लागत घटाकर गुणवत्ता बढ़ाई है। हालांकि पी.पी.पी मॉडल में पंजाब सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा व इंफ्रास्ट्रक्चर में 60,000 करोड़ रुपए के 147 प्रोजैक्ट एक्सपर्ट की मदद से बेहतर ढंग से चला रही है। यह मॉडल कृषि क्षेत्र के बेहतर विकास में मददगार हो सकता है। खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता, मौसम की सटीक जानकारी और नए कृषि समाधानों के लिए तकनीकी कंपनियों के साथ सांझेदारी में खेती को और अधिक फायदेमंद बनाया जा सकता है।

मानव संसाधन में निवेश = सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों को नए तकनीकी प्रबंधन व डिजिटल उपकरणों में ट्रेङ्क्षनग से तेजी से बदलते समय के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की जरूरत है। देश के शीर्ष संस्थानों के साथ सांझेदारी में नई प्रबंधन तकनीकों, डाटा एनालिसिस व डिजिटल उपकरणों में कुशल मैनपावर जहां सरकार को शासन की उभरती चुनौतियों से निपटने में सक्षम करेगी, वहीं उनकी जवाबदेही भी तय हो सकेगी।

जन भागीदारी = सार्वजनिक सुनवाई के जरिए शासन में जनता की भागीदारी का अमरीकी मॉडल पंजाब के लिए फायदेमंद हो सकता है। हालांकि भगवंत मान सरकार ने 'सरकार तुहाडे द्वार' और 'सरकार व्यापार मिलनी' जैसे कार्यक्रमों की पहल की है, पर जनता के साथ नियमित जुड़ाव के लिए ऐसे और अधिक कार्यक्रम शुरू करने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझा जा सके और उसके मुताबिक पॉलिसी व शासन में सुधार हो सकें।

## जब सिद्धू कहते हैं सिक्सर तो डाक्टर कहते हैं नो बॉल

नवजोत सिद्धू पति और पत्नी ने यह दावा करके खलबली मचा दी है कि नीम, हल्दी, आंवला, ताजी जड़ी-बूटियां, फल, मसाले, कोल्ड प्रेस्ड तेल और बिना चीनी या कार्बोहाइड्रेट वाले आहार से कैंसर का मुकाबला किया जा सकता है। जैसा कि अनुमान था, डॉक्टरों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिधुओं के दावों को हास्यास्पद, खतरनाक, अवैज्ञानिक और निराधार बताया है, जबकि 'उचित' उपचार के महत्व को दोहराया है जिसमें सर्जरी, कीमोथैरेपी और इम्यूनोथैरेपी शामिल हैं। मतलब जब सिद्धू 'सिक्सर' कहते हैं तो डाक्टर उसे 'नो बॉल' करार देते हैं। अधिकांश डॉक्टरों के बयानों में इस विचार को खारिज करने के लिए 'चिकित्सकीय रूप से अप्रमाणित' और 'कोई सबूत नहीं' जैसे शब्द शामिल हैं कि इन वस्तुओं के गुण कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोक सकते हैं। हालांकि, सिद्धू ने जो कहा उस पर एक तर्कपूर्ण नजर डालने से पारंपरिक एलोपैथिक उपचार और प्राकृतिक विकल्पों के बीच एक मध्य मार्ग का मामला बनता है, बजाय मौलिक अस्वीकृति के। आखिरकार, इन प्राकृतिक उपचारों को अपनाते हुए उनकी पत्नी को भी सर्जरी के लिए जाना पड़ा। सिधुओं का व्यापक संदेश असंदिग्ध है। पारंपरिक भारतीय सुपर खाद्य पदार्थ, जड़ी-बूटियां, स्थानीय मौसमी सब्जियां और फल प्रसंस्कृत उत्पादों की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक हैं, जिनमें से कई का अब कैंसरकारी होने का संदेह है। जब वह कहते हैं कि शाम 6.30 बजे तक रात का भोजन कर लें और सुबह 10 बजे ही दोबारा खाएं, तो कई भारतीयों ने सोचा होगा, 'आह! आंतरायिक उपवास', जिसे पश्चिम में डॉक्टरों ने 'सबूत' के आधार पर खोजा था। केवल हमारी चरक संहिता ने इसे 2,000 वर्ष पहले लिपिबद्ध किया था।दुनिया (पश्चिम) घी और सरसों के तेल के लाभों के बारे में जानने लगी है। डॉक्टर, यहां तक कि पश्चिम में भी, अब स्वीकार करते हैं कि हल्दी और तुलसी में निश्चित रूप से सूजन-रोधी और एंटी-ऑक्सीडैंट गुण होते हैं। मेरे सहित कई दंत चिकित्सक कहते हैं कि नीम दंत बैक्टीरिया को मारने का सबसे अच्छा तरीका है। मोरिंगा या ड्रमस्टिक को अब पश्चिम द्वारा एक चमत्कारिक भोजन के रूप में स्वीकार किया जाता है क्योंकि इसके सभी भाग पत्ती, फूल, शाखा और जड़ का उपयोग होता है। एक पीढ़ी पहले, इस पर उन्हें विश्वास नहीं था। मेथी (मेथी) के बीज, मुलेठी (लिकोरिस), अश्वगंधा (भारतीय जिनसेंग), गिलोय, त्रिफला और अन्य जड़ी-बूटियां पश्चिम द्वारा अंतिम स्वीकृति के लिए कतार में हैं और विस्तार से, भारतीय किसी भी स्वदेशी स्रोत की तुलना में उस मार्ग से आने वाली चीजों पर सहज रूप से भरोसा करते हैं।

# दिव्यांगजनों की सेवा और स्वाभिमान का अमृतदशक!

भाइयो और बहनों, 3 दिसम्बर का दिन महत्वपूर्ण था। पूरा विश्व इस दिन को 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' के रूप में मनाता है। यह दिन दिव्यांगजनों के साहस, आत्मबल और उपलब्धियों को नमन करने का विशेष अवसर होता है। भारत के लिए यह अवसर एक पवित्र दिन जैसा है। दिव्यांगजनों का सम्मान भारत की वैचारिकी में निहित है। हमारे शास्त्रों और लोक ग्रंथों में दिव्यांग साथियों के लिए सम्मान का भाव देखने को मिलता है।

रामायण में एक श्लोक है-

उत्साहो बलवानार्य, नास्त्युत्साहात्परं बलम्।
सोत्साहस्य च लोकेषु न किञ्चिदपि दुर्लभम्॥

श्लोक का मूल यही है कि जिस व्यक्ति के मन में उत्साह है, उसके लिए विश्व में कुछ भी असंभव नहीं। आज भारत में हमारे दिव्यांगजन इसी उत्साह से देश के सम्मान और स्वाभिमान की ऊर्जा बन रहे हैं। इस वर्ष यह दिन और भी विशेष है। इसी साल भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत का संविधान हमें समानता और अंत्योदय के लिए काम करने की प्रेरणा देता है।

संविधान की इसी प्रेरणा को लेकर गत 10 वर्षों में हमने दिव्यांगजनों की उन्नति की मजबूत नींव रखी है। इन वर्षों में देश में दिव्यांगजनों के लिए अनेक नीतियां बनी हैं, अनेक निर्णय हुए हैं। ये निर्णय दिखाते हैं कि हमारी सरकार सर्वस्पर्शी है, संवेदनशील है और सर्वविकासकारी है। इसी क्रम में यह दिन दिव्यांग भाई-बहनों के प्रति हमारे इसी समर्पण भाव को फिर से दोहराने का दिन भी बना है। मैं जब से सार्वजनिक जीवन में हूं, मैंने हर मौके पर दिव्यांगजनों का जीवन आसान बनाने के लिए प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने इस सेवा को राष्ट्र का संकल्प बनाया। 2014 में सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले 'विकलांग' शब्द के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द को प्रचलित करने का फैसला लिया।

यह सिर्फ शब्द का परिवर्तन नहीं था, इसने समाज में दिव्यांगजनों की गरिमा भी बढ़ाई और उनके योगदान को भी बड़ी स्वीकृति दी। इस निर्णय ने यह संदेश दिया कि सरकार एक ऐसा समावेशी वातावरण चाहती है, जहां किसी व्यक्ति के सामने उसकी शारीरिक चुनौतियां दीवार न बनें और उसे उसकी प्रतिभा के अनुसार पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण का अवसर मिले। दिव्यांग भाई-बहनों ने विभिन्न अवसरों पर मुझे इस निर्णय के लिए अपना आशीर्वाद दिया। यह आशीर्वाद ही दिव्यांगजन के कल्याण के लिए मेरी सबसे बड़ी शक्ति बना। हर वर्ष देशभर में हम दिव्यांग दिवस पर अनेक कार्यक्रम करते हैं। मुझे आज भी याद है, 9 साल पहले हमने आज के ही दिन सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया था। 9 सालों में इस अभियान ने जिस तरह से दिव्यांगजनों को सशक्त किया, उससे मुझे बड़ा संतोष मिला है।

140 करोड़ देशवासियों की संकल्प-शक्ति से 'सुगम्य भारत' ने न सिर्फ दिव्यांगजनों के मार्ग से कई बाधाएं हटाईं, बल्कि उन्हें सम्मान और समृद्धि का जीवन भी दिया। पहले की सरकारों के समय जो नीतियां थीं, उनकी वजह से दिव्यांगजन सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा के अवसरों से पीछे रह जाते थे। हमने वे स्थितियां बदलीं। आरक्षण की व्यवस्था को नया रूप मिला। 10 वर्षों में दिव्यांगजन के कल्याण के लिए खर्च होने वाली राशि को भी तीन गुना किया गया। इन निर्णयों ने दिव्यांगजनों के लिए अवसरों और उन्नतियों के नए रास्ते बनाए। आज हमारे दिव्यांग साथी भारत के निर्माण के समर्पित साथी बनकर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं। मैंने स्वयं यह महसूस किया है कि भारत के युवा दिव्यांग साथियों में कितनी अपार संभावनाएं हैं। पैरालिम्पिक में हमारे खिलाडिय़ों ने देश को जो सम्मान दिलाया है, वह इसी ऊर्जा का प्रतीक है। यह ऊर्जा राष्ट्र ऊर्जा बने, इसके लिए हमने दिव्यांग साथियों को स्किल से जोड़ा है ताकि उनकी ऊर्जा राष्ट्र की प्रगति की सहायक बन सके। यह प्रशिक्षण सिर्फ सरकारी कार्यक्रम भर नहीं है। इन प्रशिक्षणों ने दिव्यांग साथियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। उन्हें रोजगार तलाशने की आत्म शक्ति दी है।



मेरे दिव्यांग भाई-बहनों का जीवन सरल, सहज और स्वाभिमानी हो, सरकार का मूल सिद्धांत यही है। हमने 'दिव्यांग व्यक्ति अधिनियम' को भी इसी भाव से लागू किया। इस ऐतिहासिक कानून में दिव्यांगता की परिभाषा की श्रेणी को भी 7 से बढ़ाकर 21 किया गया। पहली बार हमने एसिड अटैक पीड़ितों को भी इसमें शामिल किया। आज यह कानून दिव्यांगजनों के सशक्त जीवन का माध्यम बन रहा है। इन कानूनों ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की धारणा बदली है। आज हमारे दिव्यांग साथी भी विकसित भारत के निर्माण के लिए अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ काम कर रहे हैं। भारत का दर्शन हमें यही सिखाता है कि समाज के हर व्यक्ति में एक विशेष प्रतिभा जरूर है। हमें उसे बस सामने लाने की जरूरत है। मैंने हमेशा अपने दिव्यांग साथियों की उस अद्भुत प्रतिभा पर विश्वास किया है और मैं पूरे गर्व से कहता हूं कि हमारे दिव्यांग भाई-बहनों ने एक दशक में मेरे इस विश्वास को और प्रगाढ़ किया है। मुझे यह देखकर भी गर्व होता है कि उनकी उपलब्धियां कैसे हमारे समाज के संकल्पों को नया आकार दे रही हैं।

आज जब पैरालंपिक का मैडल सीने पर लगाकर मेरे देश के खिलाड़ी मेरे घर पर पधारते हैं, तो मेरा मन गौरव से भर जाता है। हर बार जब 'मन की बात' में मैं अपने दिव्यांग भाई-बहनों की प्रेरक कहानियों को आपके साथ सांझा करता हूं, तो मेरा हृदय गर्व से भर जाता है। शिक्षा हो, खेल या फिर स्टार्टअप, वे सभी बाधाओं को तोड़कर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं और देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं। मैं पूरे विश्वास से कहता हूं कि 2047 में जब हम स्वतंत्रता का 100वां उत्सव मनाएंगे, तो हमारे दिव्यांग साथी पूरे विश्व का प्रेरणा पुंज बने दिखाई देंगे। आज हमें इसी लक्ष्य के लिए संकल्पित होना है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई भी सपना और लक्ष्य असंभव न हो। तभी जाकर हम सही मायने में एक समावेशी और विकसित भारत का निर्माण कर पाएंगे। और निश्चित तौर पर मैं इसमें अपने दिव्यांग भाई-बहनों की बहुत बड़ी भूमिका देखता हूं।-

## अधिकारी सरकार के मुखिया को हितग्राहियों से अवश्य मिलाएं : कलेक्टर

# साप्ताहिक समय-सीमा बैठक संपन्न






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई, जिसमें विभागीय महत्वपूर्ण पत्रों, पिछले शिविर के लंबित मुद्दों, डीएमएफ कार्यों की प्रगति तथा आगामी बैठक में शामिल होने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले का दौरा प्रस्तावित है।

इस दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों को लाभार्थियों तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटर व्हील ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग, वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन जैसी सुविधाएं, आवास एवं पर्यावरण विभाग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास, भूमि आवंटन और बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजल व शौचालय सुनिश्चित करेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन और आवश्यक दवाइयों का वितरण करने के लिए कहा है। वही महिला एवं बाल विकास विभाग पोषण आहार, मातृ वंदना योजना, महिला सुरक्षा योजनाएं और बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाएं संचालित करने के लिए कहा, साथ ही श्रम विभाग असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, श्रमिक पंजीकरण और निर्माण श्रमिकों के लिए सहायता प्रदान करेगा। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग किसानों को कृषक उपकरण सब्सिडी, किसान क्रेडिट कार्ड और बीज एवं खाद की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए कहा, इसके साथ ही राजस्व विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अलावा अन्य विभागों को भी सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं को दिलाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने आगे बताया कि उस दौरान मुख्यमंत्री जिले के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। जिसमें नगर पालिका निगम चिरमिरी के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। साथ ही नगर पंचायत झगराखांड के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही एमसीबी जिले में सिकलसेल प्लांट का भी शुभारंभ करेंगे। साथ ही हाउसिंग बोर्ड आईएनएन चिरमिरी का भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा 75 से 80 कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भरतपुर में भी करेंगे।

कलेक्टर ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री अपने एमसीबी दौरे के दौरान सिद्ध बाबा मंदिर का भी दर्शन करेंगे। साथ ही 54 आंगनबाड़ी कार्यों का लोकार्पण के साथ नगर पंचायत खोंगापानी में 24 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। वहीं नगर पालिका निगम मनेंद्रगढ़ में भी विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करने की बात कही। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को तैयारियों की जिम्मेदारी सौंपी। इनमें उद्यानिकी विभाग, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी, एसईसीएल समेत अन्य विभाग शामिल हैं।

उन्होंने आगमन के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। इसमें ग्रीन रूम की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बसों की तैनाती, मोबाइल टॉयलेट, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, मुख्य पार्किंग स्थल पर पानी के टैंकर की उपलब्धता, मंच की साज-सज्जा, ध्वनि व्यवस्था, पीने के पानी की उपलब्धता, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं, वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था और कार्यक्रम स्थल पर यातायात नियंत्रण की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्थल पर समुचित साफ-सफाई, स्वागत द्वार की सजावट, बैरिकेडिंग, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वागत समिति के सदस्यों की नियुक्ति और कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए एक नोडल अधिकारी की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मुख्यमंत्री के आगमन से संबंधित आमंत्रण कार्ड वितरण और मीडिया प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही कलेक्टर ने त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां को लेकर चर्चा की। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एस. पैकरा ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया, मतदाता पहचान, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं और तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी देने के लिए कहा। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने पीठासीन अधिकारियों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के लिए विस्तृत मार्गदर्शिका देने के निर्देश दिए हैं। श्री पैकरा ने आगे कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति और जिम्मेदारियों पर विशेष जोर दें। उन्हें मतदान केंद्रों का चयन, सुरक्षा व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया और प्रतीकों का आवंटन सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही मतदान दलों का गठन, मतदान सामग्री का वितरण और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की जिम्मेदारी भी रिटर्निंग ऑफिसर की होगी। साथ ही सभी राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों को अपने नामांकन पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र और आवश्यक कागजात जमा कराने के लिए निर्देश दिए हैं।वहीं, निर्वाचन व्यय की सीमा और उससे संबंधित जानकारी भी स्पष्ट रूप से दी जाएगी। सभी राजनीतिक दलों को प्रचार सामग्री के लिए पूर्व में अनुमति लेना अनिवार्य करने के लिए कहा है। इसके साथ ही हर मतदान केंद्र में दो मतदान कक्ष और पर्याप्त बिजली, पानी एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर सी.एस. पैकरा, एसडीएम प्रवीण कुमार भगत, लिंगराज सिदार, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सभी नगर पंचायत सीएमओ, और जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेक्स रैकेट चलाने वालों से एसआई ने मांगे पैसे

### एसपी ने किया लाइन अटैच, कोटा थाना प्रभारी भी बदले, 23 पुलिसकर्मियों का तबादला




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में सैक्स रैकेट चलाने वालों से पैसे की मांग करने वाले स्ढ़ को एसपी रजनेश सिंह ने लाइन अटैच कर दिया है। मामला मोपका चौकी का है। इसके साथ ही उन्होंने कोटा टीआई को भी बदल दिया है। मंगलवार की शाम जारी आदेश में एसपी ने 23 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर किया है।

बताया जा रहा है कि, सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका चौकी में पिछले महीने सैक्स रैकेट चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की थी। जिसमें नेपाल, पश्चिम बंगाल की लड़कियां भी गिरफ्तार हुईं थी। तब चौकी प्रभारी और एसआई रामनरेश यादव पर सैक्स रैकेट चलाने वालों से पैसे की मांग करने का आरोप लगा था।

इसकी जानकारी मिलने पर एसपी रजनेश सिंह ने उसे दफ्तर बुलाकर पूछताछ भी की थी। लेकिन, एसआई यादव ने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस मामले में एक ऑडियो भी एसपी को दिया गया। इससे नाराज एसपी ने एसआई रामनरेश यादव को मोपका चौकी से हटाकर लाइन अटैच कर दिया है।

**प्रशिक्षु डीएसपी राजधानी में करेंगे परेड, एसआई राज को बनाया कोटा टीआई:** कोटा थाने में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी रोशन आहुजा राजधानी रायपुर में गणतंत्र दिवस पर परेड करेंगे। इसके लिए रिहर्सल शुरू होने वाला है। लिहाजा, पुलिस मुख्यालय के आदेश पर उन्हें फिलहाल कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह एसआई राज सिंह को कोटा थाने का प्रभारी बनाया गया है।

**23 पुलिसकर्मियों का किया तबादला:** मंगलवार को एसपी रजनेश सिंह ने एसआई रामनरेश यादव को लाइन अटैच करने के साथ ही 23 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर आदेश जारी किया है। इसमें तारबाहर थाने में पदस्थ एसआई संजीव ठाकुर को मोपका चौकी का प्रभारी बनाया गया है। सहायक निरीक्षक मनोज यादव को अजाक से यातायात थाने भेजा गया है।

वहीं, पांच प्रधान आरक्षकों और 15 आरक्षकों का भी तबादला किया गया है। यातायात थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक ध्रुव पांडेय को तारबाहर थाना भेजा गया है। महिला प्रधान आरक्षक रीना प्रधान को तारबाहर से कोनी थाना भेजा गया है।

## पत्नी की बार-बार सुसाइड की कोशिश,धमकी...पति पर क्रूरता

### छत से कूदी, फिर गैस ऑनकर खुद को किचन में किया बंद, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तलाक मंजूर



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्नी के बार-बार सुसाइड करने की कोशिश और धमकी देने को पति के साथ मानसिक क्रूरता बताया है। डिवीजन बेंच ने पति की तलाक अर्जी मंजूर कर ली है। आदेश दिया है कि, वो दो महीने के भीतर पत्नी को 5 लाख रुपए गुजारा भत्ता दे। 2018 से दोनों अलग रह रहे थे। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की बेंच ने केस की सुनवाई की। महिला ने तीन बार सुसाइड करने की कोशिश की थी। छत से कूदकर जान देने की कोशिश की थी, फिर गैस ऑनकर खुद को किचन में किया था बंद, इसके कुछ दिन बाद ज्यादा मात्रा में कफ सिरप पीकर सुसाइड करने की कोशिश की थी।

**चर्च में हुई थी दोनों की शादी:** दुर्ग जिले के एक युवक की शादी 28 दिसंबर 2015 को बालोद की रहने वाली युवती के साथ हुई थी। उनकी शादी चर्च में हुई थी। विवाह के बाद पति-पत्नी साथ रहने लगे। शादी के बाद पत्नी एक निजी कॉलेज में नौकरी करने लगी। उसे हर महीने 22 हजार रुपए वेतन मिलता था। जिसमें से 10 हजार रुपए वो मायके भेज देती थी। लेकिन, इस पर पति ने कभी आपत्ति नहीं जताई।

**पत्नी के व्यवहार में आने लगा बदलाव:** पति का आरोप है कि, जॉब लगने के बाद से उसकी पत्नी के व्यवहार में बदलाव आ गया। वो अपने मायके वालों पर ज्यादा ध्यान देने लगी। भाई को भी अपने साथ रख ली। जब उसका भाई बिना किसी कारण के वापस चला गया। तब पत्नी का व्यवहार बदल गया। वो पति से दूरी बनाने लगी और आत्महत्या करने की धमकी देने लगी।

**तीन बार सुसाइड की कोशिश, देती थी धमकी:** जिसके बाद महिला पति से विवाद करने लगी। आए दिन आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। इस बीच पहली बार उसने किचन का दरवाजा बंद कर गैस चालू कर दिया। जलकर सुसाइड करने के लिए धमकाया। किसी तरह पति ने उसे मनाकर दरवाजा खुलवाया। इसके बाद फिर उसने नशीला कफ सिरप पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इस बार भी पति ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। तब किसी तरह उसकी जान बच पाई। जिसके बाद वो छत से कूदकर खुदकुशी करने की कोशिश की।

**परेशान होकर पति ने तलाक के लिए लगाया आवेदन:** पत्नी के इस व्यवहार से पति परेशान हो गया। आखिरकार, उसने तलाक के लिए फैमिली कोर्ट में आवेदन किया। फैमिली कोर्ट ने पति की दलीलों को दरकिनार करते हुए तलाक के आवेदन को खारिज कर दिया था।

**पति ने हाईकोर्ट में की थी अपील:** जिसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की। वहीं, उसकी पत्नी ने वैवाहिक अधिकार की बहाली के लिए याचिका लगाई।

### डब्ल्यूडीसी- पीएमकेएसवाई परियोजना के अंतर्गत संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यार्थियों की सूची जारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कार्यालय उपसंचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूसीडीसी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ( डब्ल्यूडीसी- पीएमकेएसवाई 2.0) कृषि विभाग कोरिया छ.ग. ने संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 57 के अनुसार 02 फरवरी 2023 के पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजना भरतपुर जिला एमसीबी के अन्तर्गत डब्ल्यूडीटी सदस्य यांत्रिकी (कुल 1 पद) और डब्ल्यूडीटी सदस्य आजीविका (कुल 1 पद) एवं डब्ल्यूडीटी सदस्य समूह विकास (कुल 1 पद) के पदों पर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया के अंतर्गत शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर वरीयता सूची बनाई गई है, जिसमें अभ्यर्थियों की चयन सूची एमसीबी जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## देखते ही देखते उनके सपनों का आशियाना पूरा होकर तैयार हो गया : जमुना बैगा




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** पीएम जनमन योजना अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले ग्राम देवगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के हितग्राही जमुना बैगा के खुद के पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है। हितग्राही ने आवास पूर्ण होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा बदल दी है।

योजना के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की मंजूरी मिली। पंचायत स्तर पर दस्तावेजों की पूर्ति होने के साथ ही आवास निर्माण प्रारंभ किया गया। जिसमें पहली किश्त के रूप में 40 हजार रुपये मिलते ही उनकी मकान निर्माण की उम्मीद पक्की होने लगी। उनके द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन के आधार पर आवास निर्माण कार्य शुरू किया गया। मकान निर्माण आगे बढ़ने के साथ ही प्रगति के आधार पर किश्त की राशि मिलती गई और देखते ही देखते उनके सपनों का आशियाना पूरा होकर तैयार हो गया।

हितग्राही अपने पुराने दिनों की कठिनाई याद करते हुए बताते हैं कि वह एक खेतीहर मजदूर हैं। रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आवास निर्माण से उनका परिवार कच्ची झोपड़ीनुमा घर में निवास करते थे। जहां जीवन व्यतीत करना बहुत कठिन था। मौसम के अनुसार अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकना, दीवारों में सीलन आना, साथ ही सर्दी के समय रात में ठण्ड के कारण नींद नहीं आती थी। साथ ही साल भर जहरीले कीड़े, सांप, बिच्छू इत्यादि का डर बना रहता था। अब पक्का मकान मिलने से उनकी ये समस्याएं दूर हो गई हैं।

अब वे अपने परिवार के साथ पक्के आवास में चैन की नींद सो रहे हैं। पक्की छत वाली घर होने से उनकी समाज में प्रतिष्ठा बढ़ी है। नए आवास में परिवार के साथ हंसी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हितग्राही जमुना बैगा ने बताया कि शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षीयोजनाओं का लाभ उनके परिवार को मिल रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को अपने आर्थिक एवं सामाजिक वृद्धि हेतु आभार व्यक्त करते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के आशियाने के सपने को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिये प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरूआत की है। इसके तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, नलजल, आजीविका, कौशल विकास, उज्जवला सहित अन्य योजनाओं से प्राथमिकता से लाभान्वित किया जा रहा है।

## झुन्नु लाल बैगा की जल जीवन मिशन ने बदला भविष्य

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम पंचायत पाराडोल की छोटे से गांव बैगापारा में जहां कभी पानी की बूंद-बूंद के लिए संघर्ष होता था, अब जल जीवन मिशन ने नई रोशनी ला दी है। यहां के निवासी झुन्नु लाल बैगा के जीवन में आए बदलाव ने पूरे गांव को आत्मनिर्भरता की राह पर ला खड़ा किया है।

**पानी की समस्या ने बर्बाद किया था जीवन यापन:** बैगापारा के लोग लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। गांव में साफ पानी के स्रोत नहीं थे, और बारिश के बाद भी वहां जल को संग्रहण करना संभव नहीं हो पाता था। इस गांव के ग्रामीण विशेषकर महिलाएं और बच्चे, पानी के लिए लंबी दूरी तय करते थे। इस प्रक्रिया में उनके समय और ऊर्जा का बड़ा हिस्सा चला जाता था। पानी की कमी के कारण कई प्रकार की जलजनित बीमारियां भी फैल जाता था, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता था।

**जल जीवन मिशन ने दिखाई उम्मीद की राह:** बैगापारा में जल जीवन मिशन के तहत अब हर घर में नल-जल योजना की शुरुआत हो गई है। इसके अंतर्गत हर घर को पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था।

## महाराष्ट्र के युवक ने छत्तीसगढ़ की युवती से किया रेप

### इंस्टाग्राम पर युवक ने की दोस्ती, दुष्कर्म कर बनाया वीडियो फिर ब्लैकमेल कर वसूले 1.5 लाख रुपए, गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की युवती से महाराष्ट्र के युवक ने इंस्टाग्राम के माध्यम से पहले दोस्ती की। फिर प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक ने उसके साथ शादी करने का वादा भी किया। इस दौरान उसने युवती का वीडियो भी बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख 50 हजार रुपए वसूल लिए। परेशान युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।

टीआई जेपी गुप्ता ने बताया कि तारबाहर क्षेत्र की रहने वाली 21 वर्षीय युवती प्राइवेट जॉब करती है। उसने पुलिस को बताया कि महाराष्ट्र के पुणे के अहमदनगर में रहने वाले शुभम भापकर (26) से इंस्टाग्राम के माध्यम से जान-पहचान हुई। जिसके बाद दोनों आपस में मोबाइल पर बात करने लगे। इस दौरान युवक ने उसके साथ प्यार का इजहार किया और शादी करने का वादा भी किया। युवती भी उसकी बातों में आ गई।

**महाराष्ट्र से आया बिलासपुर, होटल में किया रेप:** इस दौरान युवक उससे मिलने के बहाने बिलासपुर आ गया, जहां होटल में रूका। उसने युवती को मिलने बुलाया और शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने युवती का अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया, जिसके बाद लगातार बिलासपुर आकर शारीरिक संबंध बनाते रहा।

**ब्लैकमेल कर वसूले 1.5 लाख रुपए:** इस दौरान आरोपी युवक ने युवती को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और उससे पैसों की मांग करने लगा। अपनी बदनामी के डर से युवती ने अलग-अलग किश्तों में उसे एक लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर की, जिसके बाद आरोपी उससे और पैसों की मांग करने लगा। आखिरकार, परेशान होकर युवती ने तारबाहर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी शुभम भापकर पिता बाबन भापकर का लोकेशन ट्रेस कर महाराष्ट्र के पुणे में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# अग्निवीर भर्ती के लिए कचरा गाड़ी से पहुंचे अभ्यर्थी

### युवा बोले-खाना भी नहीं मिला, आयुक्त ने कहा- आने-जाने के लिए बसों की व्यवस्था





**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 4 दिसंबर से अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए एक दिन पहले अभ्यर्थी रायगढ़ पहुंचने लगे। इस दौरान कुछ युवाओं को नगर निगम की कचरा गाड़ी में भरकर भर्ती स्थल तक पहुंचाया गया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को भर्ती स्थल रायगढ़ स्टेडियम के बाहर लाइन से रोड पर बैठाया गया। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अभ्यर्थियों को अंदर बुलाया जा रहा था, लेकिन इस दौरान देखा गया कि कुछ अभ्यर्थी नगर निगम की कचरा गाड़ी में सवार होकर पहुंचे।

कुछ युवकों का कहना है कि रात में उन्हें पैदल चलकर स्टेडियम तक की दूरी को तय करना पड़ा। इसके अलावा यह भी बताया जा रहा है कि रात में खाने को लेकर भी अभ्यर्थी परेशान होते रहे और भूखे वहां तक पहुंचे थे। वहीं निगम के अधिकारियों का कहना है कि अभ्यर्थियों के लिए कचरा गाड़ी नहीं भेजी गई।

**कुछ लोगों को पैदल भी आना पड़ा:** भर्ती में शामिल होने आए आशुतोष जायसवाल ने बताया कि वे जब अपने जिले से आए तो स्टेशन से बाहर निकलने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। ऐसे में उन्हें पैदल ही आगे बढ़ना पड़ा और रात में खाना भी उन्हें नहीं मिला।

युवकों ने बताया कि वे पैदल भर्ती स्थल तक पहुंचे, लेकिन कुछ लोगों को कचरा गाड़ी से लाया गया, जिसमें काफी संख्या में युवक शामिल थे।

**कचरा गाड़ी से किसी को नहीं लाया जा रहा- निगम आयुक्त:** नगर निगम आयुक्त ब्रिजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है। बच्चों के आवागमन के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिसमें केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड, सारंगढ़ बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन में बसें आने जाने के लिए लगाई गई है।

कोई अगर स्टेडियम जाना चाहता है या सामुदायिक भवन जाना चाहता है, तो उस रूट के माध्यम से जा सकते हैं। बसों की फेरी दिन भर चल रही है। मंगलवार को एक निगम की गाड़ी थी उसमें कुछ बच्चे चढ़ गए थे।

हमारी ओर से किसी को कचरा गाड़ी से नहीं लाया गया है। बच्चों की सुविधा के लिए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन में हेल्प डेस्क बनवाया गया है। जन सहयोग से और जिला प्रशासन की मदद से खाने की भी व्यवस्था की जा रही है। मंगलवार को 700 बच्चों को खाने और आवास की सुविधा दी गई।

**पहले दिन 900 से ज्यादा अभ्यर्थी:** 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ में अग्निवीर की भर्ती होनी है। इसमें प्रदेश के 33 जिलों के करीब 8556 युवा शामिल होने पहुंचेंगे। पहले दिन जांजगीर-चांपा जिला और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से 917 अभ्यर्थी सम्मिलित होने थे। इसी दौरान आने वाले दिनों में अलग-अलग जिलों से अभ्यर्थी यहां आएंगे।

**वित्तमंत्री ने फीता काटकर शुभांरभ किया:** प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार की रात को फीता काटकर भर्ती प्रक्रिया का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने युवाओं से चर्चा भी की और युवाओं से अपील की कि वे इस मौके का पूरा लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में चयनित हों। इस दौरान उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के लिए न केवल देश सेवा का बड़ा अवसर है बल्कि जीवन में अनुशासन लाने का भी महत्वपूर्ण जरिया है।

## राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के लिए मीडिया संस्थान 10 तक भेज सकते हैं अपनी प्रविष्टि

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिए दिए जाने वाले राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के लिए मीडिया संस्थान 10 दिसम्बर तक अपनी प्रविष्टि आयोग के अशोका रोड, नई दिल्ली स्थित कार्यालय में भेज सकते हैं। राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड-2024 के तहत आयोग द्वारा चार श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें प्रिंट मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंतर्गत टेलीविजन और रेडियो के लिए दिए जाने वाले अवार्ड शामिल हैं। अवार्ड के लिए चयनित मीडिया संस्थानों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आगामी 25 जनवरी 2025 को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष-2024 में मतदाता शिक्षा और जागरुकता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले मीडिया संस्थानों को राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के तहत पुरस्कृत किया जाएगा। लोगों को सुगम निर्वाचन के लिए जागरुक करने, निर्वाचन प्रक्रिया व निर्वाचन संबंधी आईटी एप्लीकेशन्स के बारे में शिक्षित करने, अनूठे या दूरस्थ मतदान केंद्रों की कहानियों तथा मतदान करने एवं मतदाता सूची में पंजीयन के लिए जागरुक करने जैसे कार्यों से निर्वाचन में सहभागिता बढ़ाने में मीडिया के उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के माध्यम से रेखांकित किया जाएगा।

# आगामी सिंहस्थ को देखते हुए 2312 करोड़ से अधिक राशि के सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र मोहासा- बाबई जिला नर्मदापुरम के क्षेत्रफल विस्तार करने की स्वीकृति दी गयी। निर्णय अनुसार विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के विनिर्माण क्षेत्र के लिए आरक्षित 441.96 एकड़ क्षेत्रफल में औद्योगिक क्षेत्र मोहासा बाबई की 442.04 एकड़ भूमि को शामिल किया गया है। अब औद्योगिक पार्क का क्षेत्रफल कुल 884 एकड़



हो गया है। इसी प्रकार औद्योगिक पार्क के लिए स्वीकृत सुविधाएं एवं आवंटन प्रक्रिया को संशोधित क्षेत्रांतर्गत स्थापित होने वाली इकाइयों को भी उपलब्ध कराने का अनुमोदन किया गया।

मंत्रि-परिषद द्वारा आगामी सिंहस्थ-2028 को देखते हुए इंदौर-उज्जैन में 2312 करोड़ रूपये से अधिक राशि के सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गयी। इसमे उज्जैन सिंहस्थ बायपास लंबाई 19.815 कि.मी., 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर उन्नयन एवं निर्माण कार्य लागत राशि 701 करोड़ 86 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई।

## सुप्रीम बोला- पार्थ चटर्जी भ्रष्ट व्यक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में बधुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी से जुड़े ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई हुई। चटर्जी के वकील मुकुल रोहतगी ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच से चटर्जी को जमानत देने की मांग की। मुकुल ने दलील देते हुए कहा- चटर्जी को छोड़कर इस मामले के सभी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, एक हफ्ते पहले भी एक आरोपी को जमानत मिली थी। चटर्जी 2.5 साल से जेल में हैं। इस पर बेंच ने कहा- पार्थ चटर्जी को दूसरे आरोपियों के जैसे होने का दावा करने में थोड़ी शर्म आनी चाहिए, क्योंकि वे सभी इसके कारण ही आरोपी हैं। हर कोई मंत्री नहीं होता। पहली बात तो ये कि आप (पार्थ चटर्जी) भ्रष्ट व्यक्ति हैं। आपके घर से करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं। आप समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं? क्या इस तरह से भ्रष्ट व्यक्ति को जमानत मिल सकती है? बेंच ने कहा कि आप (पार्थ चटर्जी) दूसरों के जैसे व्यवहार की मांग नहीं कर सकते। जांच में देरी और दूसरे पक्ष की भूमिका पर सवाल उठा सकते हैं, लेकिन मामले की योग्यता पर नहीं। सुनवाई के बाद बेंच ने पार्थ की जमानत पर अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया। दरअसल, ईडी ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामल में पार्थ चटर्जी को 25 अप्रैल 2023 में गिरफ्तार किया था। 22 जुलाई को पार्थ और उनकी करीबी अर्पिता के 18 ठिकानों से ईडी ने रेड में 20 करोड़ कैश बरामद किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही पार्थ जेल में हैं।

## विधायक बाल्यान जमानत मिलने के बाद फिर गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान को जमानत मिलते ही दिल्ली पुलिस ने बुधवार को फिर गिरफ्तार कर लिया। उन्हें मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया है। उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बाल्यान को राउज एवेन्यू कोर्ट से क्राइम ब्रांच ऑफिस ले जाया जा रहा है। बुधवार को ही उन्हें जबरन वसूली मामले में जमानत मिली थी। दरअसल, 30 नवंबर को क्राइम ब्रांच ने नरेश बाल्यान को 2023 के जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था। इसी दिन भाजपा ने बाल्यान का एक ऑडियो क्लिप जारी किया था। भाजपा का कहना है कि नरेश का संबंध गैंगस्टर से है और वह वसूली गैंग चलाते हैं। वो हवाला के जरिए पैसों का लेनदेन करते हैं। बाल्यान ने ऑडियो को फेक बताया बाल्यान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में अमित के पोस्ट को रिट्वीट किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने इस ऑडियो को गलत बताते हुए सभी चैनलों से फर्जी खबर को हटवाया था। ये कई साल पुराना मामला है। जब केजरीवाल ने कानून व्यवस्था पर भाजपा को घेरा तो ये कई साल पुरानी फर्जी खबर लेकर आए हैं। अमित मालवीय ने शेयर ऑडियो किया बीजेपी-आईटी सेल हेड अमित मालवीय ने बाल्यान का कथित ऑडियो शेयर करते हुए लिखा, %नरेश बाल्यान का गैंगस्टरों के साथ ऑडियो कॉल वायरल, जिसमें वे दिल्ली के बिल्डरों और व्यापारियों से फिरौती मांग रहे हैं।

## देवेंद्र फडणवीस होंगे महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री

**मुंबइ (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के 11 दिन बाद आखिरकार नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो गया है। देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे।आज मुंबई में भाजपा के कोर समिति की बैठक में फडणवीस के नाम पर मुहर लग गई है। विधायक दल की बैठक जारी है।खबर है कि फडणवीस आज ही राजभवन जाकर विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौपेंगे। 5 दिसंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।एम्ब



भाजपा ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा था।भाजपा कोर समिति की बैठक में फडणवीस के नाम का प्रस्ताव लाया गया। सुधीर मुनगंटीवार और चंद्रकांत पाटिल ने फडणवीस के नाम का प्रस्ताव रखा और पंकजा मुंडे ने इसका समर्थन किया।अब महायुति के विधायक दल की बैठक होगी। इसमें फडणवीस को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा।

कल यानी 5 दिसंबर को फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।वे सबसे पहले अक्टूबर, 2014 में मुख्यमंत्री बने थे।

## स्वर्ण मंदिर पर पहरेदारी कर रहे पूर्व उपमुख्यमंत्री बादल पर गोली चली

**चंडीगढ (एजेंसी)।** पंजाब के अमृतसर में बुधवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर गोलीबारी हुई है।यह गोली तब चली जब सुखबीर अकाल तख्त द्वारा सुनाई गई धार्मिक सजा (तनखाह) के तहत स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार पर सेवादार कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पहरेदारी कर रहे थे।गोलीबारी करने वाले व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया गया है। हमले में सुखबीर बाल-बाल बच गए हैं। गोलीबारी के समय का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमलावर को गोली चलाने से पहले एक व्यक्ति द्वारा पकड़ते देखा जा सकता है। हालांकि, इसके बाद भी गोली चल जाती है, लेकिन किसी को लगी नहीं।हमलावर की पहचान नारायण सिंह चौड़ा के रूप में हुई है, जो दल खालसा का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। उसने अपनी पैंट से पिस्तौल निकालकर हमला करने की कोशिश की थी।पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

## कांग्रेस नेता बोले- मूर्ति के 'वर्क-लाइफ बैलेंस' बयान से असहमत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंफोसिस को-फाउंडर नारायण मूर्ति के वर्क-लाइफ बैलेंस वाले बयान पर फिर से बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बुधवार को नारायण मूर्ति के %ओवरवर्क कल्चर% यानी ज्यादा काम करने के पक्ष में दिए गए बयान से असहमति जताई। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि वर्क-लाइफ बैंलेस महिलाओं के लिए मुश्किल है। पारंपरिक तौर से काम करने वाली महिलाओं के पास काम और जिंदगी को अलग करने का भी विकल्प नहीं होता है। यह सुविधा पारंपरिक तौर पर पुरुषों को ही मिली है और अब समय है आधुनिक समय में वे इसे त्याग दें। दरअसल, पिछले साल 2023 में नारायण मूर्ति ने देश के युवाओं को



हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा था- %पीएम मोदी हफ्ते में 100 घंटे काम कर सकते है तो हम क्यों नहीं। 1986 में जब भारत 6 डे वर्क वीक से 5 डे वर्क वीक पर शिफ्ट हुआ तो मुझे बहुत दुख हुआ था। गोगोई बोले- परिवार की देखभाल करना भी काम का हिस्सा गोगोई ने नारायण मूर्ति के वर्क-लाइफ बैलेंस को एक मिथक के रूप में पेश करने की आलोचना की। उन्होंने कहा पारंपरिक रूप से पुरुष और महिलाओं के बीच घर के काम का बंटवारा असमान है। जीवन केवल पेशेवर काम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें घर की जिम्मेदारियां भी शामिल हैं। ये सभी काम पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से करने चाहिए। गोगोई ने कहा कि आजकल पुरुषों और महिलाओं दोनों को काम और जीवन की जिम्मेदारियों को समान रूप से साझा करना पड़ता है। वर्क-लाइफ बैलेंस की अवधारणा सभी के लिए चुनौतीपूर्ण है, सिर्फ महिलाओं के लिए नहीं।

## 104 साल का बुजुर्ग 36 साल बाद जेल से छूटा

**मालदा (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में 104 साल के बुजुर्ग 36 साल जेल की सजा काटने के बाद रिहा हुए हैं। 29 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद रसिक चंद्र मंडल मंगलवार (3 नवंबर) को मालदा करेक्शनल होम से बाहर आए। उन्हें 1988 में भाई की हत्या के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 1994 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषी करार करते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मंडल ने अपने जीवन के आखिरी दिन परिवार के साथ बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जेल से बाहर निकलकर उन्होंने कहा कि वह जिंदगी के बचे हुए दिन बागवानी और पौधों का ध्यान रखने में बिताएंगे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले का विरोध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु में हिंदू हितरक्षण वेदिके, चेन्नई में बांग्लादेश हिंदू अधिकार पुनर्प्राप्ति समिति और भोपाल में सकल हिंदू समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ देश के कई हिस्सों में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। बुधवार को मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, उज्जैन समेत सभी जिलों में कई व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर विरोध जताया गया। आरएसएस ने दावा किया है कि इंदौर रैली में ढाई लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। राजस्थान,गुजरात, उत्तर प्रदेश में भी रैलियां निकाली गईं और प्रदर्शन हुए। कर्नाटक के बेंगलुरु में बुधवार



को हिंदू हितरक्षण वेदिके धरना किया।

वहीं, तमिलनाडु के चेन्नई में बांग्लादेश हिंदू अधिकार पुनर्प्राप्ति समिति ने विरोध-प्रदर्शन किया, इसमें कई हिंदू संगठन शामिल रहे। ब्रिटिश संसद में भी बांग्लादेश में हिंसा की गूंज सुनाई दी। विपक्षी दल कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद हिंदुओं का सफाया (एथनिक क्लींजिग) करने की कोशिश हो रही है।

## महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों में भूकंप

**हैदराबाद/मुंबई/रायपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गई। झटके सुबह 07:27 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से 40 किलोमीटर नीचे रहा। भूकंप के झटके 15 से 20 सेकंड तक लगे। शुरुआती जानकारी के हिसाब से भूकंप में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। झटके महाराष्ट्र के नागपुर, चंद्रपुर और गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा में महसूस किए गए। इसके अलावा तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के मुलुग, हैदराबाद, रंगारेड्डी,भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम और कृष्णा जिलों में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप के चलते कई घरों की दीवारों में दरारें आ गईं। लोगों ने घरों से बाहर, खुले मैदान में आकर खुद को सुरक्षित किया। भूकंप क्यों आता है? पृथ्वी की चार प्रमुख परतें हैं। इन्हें इनर कोर, आउटर कोर, मेंटल और क्रस्ट कहते हैं। पृथ्वी के नीचे मौजूद प्लेट्स घूमती रहती हैं, जिसके आपस में टकराने पर पृथ्वी की सतह के नीचे कंपन शुरू होता है।

## उपराष्ट्रपति का केंद्र सरकार से सवाल

**मुंबई (एजेंसी)।** किसान आंदोलन को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सीधे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कई सवाल किए। उन्होंने शिवराज की ओर इशारा करते हुए कहा, कृषि मंत्री जी, आपका एक-एक पल भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपया करके मुझे बताइए कि किसान से क्या वादा किया गया था? और जो वादा किया गया था, वह क्यों नहीं निभाया गया? वादा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? बीते साल भी आंदोलन था, इस साल भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है। हम कुछ नहीं कर रहे हैं। धनखड़ ने मुंबई में केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह के में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में शिवराज भी मौजूद थे। हालांकि, उन्होंने उपराष्ट्रपति के सवालों का जवाब नहीं दिया। शिवराज ने कहा- भारत अपने किसानों के बिना समृद्ध देश नहीं बन सकता। पहली बार मैंने भारत को बदलते हुए देखा है। पहली बार मैं महसूस कर रहा हूं कि विकसित भारत हमारा सपना नहीं लक्ष्य है। दुनिया में भारत कभी इतनी बुलंदी पर नहीं था। जब ऐसा हो रहा है तो मेरा किसान परेशान और पीड़ित क्यों है? यह समय मेरे लिए कष्टदायक है, क्योंकि मैं राष्ट्रधर्म से ओतप्रोत हूं। दुनिया में हमारी साख पहले कभी इतनी नहीं थी, भारत का प्रधानमंत्री आज विश्व के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है।

## महिला सांसदों ने प्रियंका गांधी से कहा- जय श्रीराम, प्रियंका ने जवाब दिया- हम महिलाएं हैं, जय सियाराम बोलो, सीता को मत छोड़ो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को 7वां दिन था। लोकसभा में बांग्लादेश हिंसा का मुद्दा उठा। वहीं राज्यसभा में विपक्ष ने किसान मुद्दे पर हंगामा किया। विपक्षी नेताओं ने किसान विरोधी ये सरकार नहीं चलेगी के नारे लगाए। कई नेता वेल में चले गए। संसद के बाहर अडाणी और संभल हिंसा मामले पर सरकार के खिलाफ विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया था। इस बीच, संसद परिसर में प्रियंका गांधी और महिला सांसदों की मुलाकात हुई। महिला सांसदों ने प्रियंका को जय श्रीराम कहकर अभिवादन किया। इस पर प्रियंका ने कहा कि हम महिलाएं हैं। जय सियाराम बोलो, सीता को मत छोड़ो। बांग्लादेश मुद्दे पर हेमा मालिनी बोलीं- यह विदेशी संबंधों का नहीं, कृष्ण भक्तों की भावनाओं का मामला है मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने कहा- बांग्लादेश में हमारे हिंदुओं और हिंदू मंदिरों, खास तौर पर इस्कॉन और इस्कॉन भक्तों के साथ जो कुछ हो रहा है

## लद्दाख-सरकारी नौकरी में स्थानीय लोगों को 95 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने 31 अक्टूबर 2019 से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो अलग राज्य बना दिया गया था। केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण लद्दाख केंद्रीय गृह मंत्रालय के सीधे नियंत्रण में आता है। लद्दाख की सरकारी नौकरियों के लिए लद्दाख के लोगों को आरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार राजी हो गई है। लद्दाख से निर्दलीय सांसद हनीफा जन ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। हनीफा जन ने कहा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनधियों के साथ बैठक की, जिसमें आरक्षण को लेकर फैसला लिया गया। इस फैसले की डिटेल्स अगली मीटिंग में फाइनल होगी, जो 15 जनवरी को होगी। गृह मंत्रालय ने कहा कि लेह और कारगिल की अलग-अलग लोकसभा सीट पर




फैसला जनगणना के बाद किया जाएगा। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया था, जिसमें से एक लद्दाख था। इसके बाद 2 संगठन- केडीए और एलएपी ने लद्दाख के लोगों के लिए ऑटोनॉमी की मांग की। स्थानीय लोगों के लिए नौकरी में आरक्षण और लेह-कारगिल के लिए एक-एक संसदीय सीट की मांग के लिए कई आंदोलन हुए। लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने और लद्दाख में संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग रखी गई। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी इन संगठनों से जुड़े। उन्होंने भी कई आंदोलन किए। मंगलवार की मीटिंग में पूर्ण राज्य और छठी अनुसूची पर हुई चर्चा को लेकर डिटेल्स सामने नहीं आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मीटिंग में हनीफा जन, नित्यानंद राय के अलावा होम सेक्रेटरी गोविंद मोहन, पूर्व भाजपा सांसद थुपस्तन छेवांग, गृह मंत्रालय के अधिकारी, लेह अपेक्स बॉडी के 8 और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के 8 प्रतिनिधि शामिल हुए। मीटिंग में आरक्षण-लोकसभा सीट के अलावा 4 अन्य मांगों पर भी केंद्र सहमत हो गया।

## राहुल-प्रियंका संभल नहीं जा सके, गाजीपुर बॉर्डर से लौट

**दिल्ली/संभल (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बुधवार को उत्तर प्रदेश के संभल नहीं जा सके। यहां उन्हें हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन से मिलना था। यूपी पुलिस ने उनके काफिले को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक लिया। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 4 घंटे तक 5 किमी लंबा जाम लगा रहा। हालांकि, राहुल-प्रियंका यहां 3 घंटे ही रुके थे। जाम की वजह से ट्रैफिक में फंसे लोग नाराज हो गए। उनकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीट दिया। इससे पहले राहुल ने भी अफसरों से बातचीत की। कहा- मैं पुलिस की गाड़ी में अकेले जाने को तैयार हूं। लेकिन अफसर राजी नहीं हुए। राहुल हाथ में संविधान लेकर कार पर चढ़ गए। मीडिया को संबोधित किया। इसके बाद राहुल-प्रियंका दिल्ली लौट गए। उन्होंने कहा- अब 6 दिसंबर को संभल जाएंगे। संभल में कोर्ट के आदेश पर 24 नवंबर को जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी। इससे पहले, शनिवार को सपा और रविवार को कांग्रेस के डेलिगेशन ने भी संभल जाने का ऐलान किया था। हालांकि, पुलिस ने जगह-जगह घेराबंदी करके



किसी को संभल नहीं जाने दिया। संभल में जामा मस्जिद सर्वे मामले के दौरान 24 नवंबर को भड़की हिंसा, आगजनी और फायरिंग मामले की सीबीआई जांच की मांग खारिज हो गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जनहित याचिका खारिज कर दी। हिंसा में 5 लोगों की मौत हुई थी।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को संभल जाने से रोके जाने पर कहा, %कांग्रेस की सरकार चाहे प्रदेश में रही हो या देश में उन्होंने क्या-क्या किया है वह सब जानते हैं। अभी कोई मंत्री भी वहां (संभल) नहीं जा रहे हैं तो नेता प्रतिपक्ष को वहां जाकर स्थिति को भड़काने की कोई जरूरत नहीं है।

# शिक्षक ने कक्षा 3 के छात्र को मृत घोषित कर मना डाली छुट्टी, करनामा उजागर हुआ तो कलेक्टर ने किया निलंबित








**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिले से एक ऐसा मामला समाने आया है जिसे सुनकर आपका दिमाग घूम जाएगा. मामला शिक्षा के मंदिर का है यहां पर स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ मास्टर साहब का एक अजीबो गरीब करनामा उजागर हुआ है. छुट्टी लेने के लिए शिक्षक ने पहले तो कक्षा 3 के एक छात्र को मृत घोषित कर दिया इसके बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने की जानकारी विद्यालय के रजिस्टर में इंट्री कर दी. जीवित छात्र के मौत की खबर जैसे ही परिजनों को लगी तो उनके पैरो तले जमीन खिसक गई उन्होने तत्काल थाने पहुंचकर शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की।

दरअसल पूरा मामला मऊगंज जिले के नईगढ़ी में स्थित चिगिर का टोला का है यहां पर रहने वाला रामसरोज कोरी का बेटा जितेंद्र कोरी शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 3 का विद्यार्थी है. बीते दिन सोशल मीडिया में हैरान कर देने वाली एक पोस्ट वायरल हुई थी जिसके बाद किसी दूसरे शिक्षक के द्वारा वायरल हुए पोस्ट की जानकारी छात्र के पिता से ली गई. पिता ने तत्काल वायरल हुई पोस्ट को अपने मोबाईल पर मंगवा कर पढ़ा तो कुछ देर के लिए वह सन्न रहा गया।

**सोशल मीडिया में पोस्ट वायरल होते ही मचा हड़कंप :** मासूम बेटे के बारे में वायरल हुई पोस्ट को पढ़कर परिजनो के होश उड़ गए क्योंकि उनका बेटा जीवित और पूरी तरह स्वस्थ था. छात्र के पिता ने तत्काल वायरल हुए पोस्ट का प्रिंट आउट निकलवाया और शिक्षक की करतूत से नाराज होकर नईगढ़ी थाने पहुंच गया छात्र के पिता ने पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपकर शिक्षक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है ताकि भविष्य में किसी भी छात्र के साथ ऐसी घटना न हो.

बताया जा रहा है कि शासकीय नवीन विद्यालय में पदस्थ शिक्षक हीरालाल पटेल ने 27 नवम्बर को स्कूल के रजिस्टर में एक जानकारी दर्ज की थी जिसके बाद वह सोशल मीडिया में वायरल हो गई. "रजिस्टर में लिखा गया था की" क्क्षमें हीरालाल पटेल प्राथमिक शिक्षक ,1 बजे - जितेंद्र कोरी सन ऑफ राम सरोज कोरी का देहान्त हो जाने के कारण मै दाह संस्कार में जा रहा हु यह जितेंद्र कोरी मेरे विद्यालय में कक्षा 3 का नियमित छात्र है जिसके बाद शिक्षक हीरालाल पटेल की करतूत उजागर हुई तो मामला मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव के पास जा पहुंचा और कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले में जांच के निर्देश दिए है साथ ही कहा गया है की अगर मामले में सत्यता पाई जाए तो शिक्षक हीरालाल पटेल के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाए साथ ही विभागीय जांच भी की जाए।

मामले पर जिला शिक्षा आधिकारी ने कहा की कलेक्टर के निर्देश पर शिक्षक हीरालाल पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारी होंगे पुरस्कृत, लापरवाहों को मिलेगा दण्ड



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने राजस्व महाअभियान के तहत मऊगंज जिले की मऊगंज, देवतालाब एवं हनुमना तहसीलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान के शेष दिनों के लिए प्रति दिवस की कार्य योजना बनाकर लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बटवारा, नामांतरण, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की अब तक की गई कार्यवाही की सर्किलवार एवं पटवारी हल्कावार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 पटवारियों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा अंतिम 10 स्थान में रहने वाले दंडित होंगे। बटवारा के प्रकरणों में पटवारी समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रिपोर्ट के साथ खातेदारों के मध्य जमीन के बटवारे का विवरण भी संलग्न करें। कई प्रकरणों में पटवारी रिपोर्ट प्रस्तुत न होने पर कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त की।

कमिश्नर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निर्णयों में पूर्णतः न्याय के साथ निर्णय करें। सभी पीठासीन अधिकारी राजस्व प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके अंतिम रूप से निराकरण करें। सभी निराकृत प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज करें। कार्यालय में यदि कोई भी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में बिना दर्ज किए हुए मिला तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नामांतरण, बंटवारा सहित सभी राजस्व प्रकरणों में दोनों पक्षों का पक्ष सुनकर निर्णय करें। राजस्व प्रकरणों में पक्षकारों और अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर अवश्य कराएं। कमिश्नर ने देवतालाब सर्किल में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर नायब तहसीलदार श्यामलाल मोगरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, एसडीएम बीपी पांडेय तथा राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## लापरवाही पर मनगवां पटवारी को निलंबित करने के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राजस्व महाअभियान के तीसरे चरण में राजस्व प्रकरणों के शत प्रतिशत निराकरण कराने व राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने के उद्देश्य से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने मनगवां एसडीएम तथा तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण शत प्रतिशत करें। नामांतरण तथा सीमांकन के लंबित प्रकरणों का प्रति दिवस की कार्य योजना बनाते हुए पटवारियों को दैनिक लक्ष्य दें। नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए भी पटवारियों को दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर उसकी पूर्ति कराएं। बटवारा तथा फौती नामांतरण के प्रकरणों में समय पर इश्तहार को जारी करते हुए निर्दिष्ट स्थल में चस्पा कराएं। कमिश्नर ने सूरा, गढ़ एवं डेल्ही सर्किल के नायब तहसीलदारों से अभियान अंतर्गत किए जा रहे राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि के ईकेवाईसी और आधार सीडिंग के प्रकरण अधिक संख्या में लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की।

कमिश्नर ने राजस्व न्यायालय का निरीक्षण करते हुए बटवारा फाइलों का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि प्रकरण का निराकरण होंने पर इसका अमल दरामद अनिवार्यतः करें। कमिश्नर ने बटवारा प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों में लापरवाही बरतने पर मनगवां पटवारी सतीश वर्मा को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एसडीएम पीएस त्रिपाठी को निर्देशित किया कि राजस्व महाअभियान में सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। अभियान की हल्कावार प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। राजस्व महाभियान के निर्देशों में शामिल बिंदुओं में लंबित प्रकरणों का 13 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। इस दौरान कमिश्नर ने आमजनों एवं अधिवक्ताओं की समस्याएं भी सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

# थानेदार के खिलाफ किशोरी से छेड़छाड़ की शिकायत महिला का आरोप टीआई ने बेटी के साथ किया दुष्कृत्य



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र से एक मामला प्रकाश में आया है जहां मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिकायत करने पहुंची महिला ने गढ़ थाना में पदस्थ रहे वर्तमान समान थाना प्रभारी विकास कपीस पर गंभीर आरोप लगाए है महिला का कहना है की गांव में हुए एक विवाद में पुलिस ने पहले तो जबरन उसके पति जेठ और देवर को आरोपी बनाया उसके बाद घर में अवैध सामग्री की तलाशी लेने पहुंचे गढ़ टी आई सहित एक अन्य पुलिस कर्मियो ने कट्टे की नोंक पर उसे घर के बाहर रोक दिया. इसके बाद घर में दाखिल होकर थाना प्रभारी ने उसकी 15 वर्षीय बेटी के साथ गलत कृत्य किया. वहीं मामले पर एसपी विवेक सिंह का कहना है की 6 माह पूर्व कार्रवाई करने गई टीम पर ही जानलेवा हमला हुआ था जिसपर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की थी जिससे प्रतीत होता है की कार्रवाई से व्यथित होकर परिवार ने पुलिस कर्मियों के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है.

**महिला ने थानेदार पर लगाए संगीन आरोपः** पुलिस अधिक्षक कार्यालय शिकायत लेकर आई महिला का आरोप है की 6 माह पूर्व 12 जून को गांव में रहने वालें कुशवाह समाज का विवाद हुआ था इसी दौरान जेठ महेश साकेत घटना स्थल पर मौजूद थे तभी गढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और उसके पति जेठ और देवर को पुलिस पकड़ कर अपने साथ ले गई थी. महिला ने आरोप लगाते हुए कहा की बाद में पुलिस के टीम उसके घर गई और तलाशी लेने की बात कही इसके बाद थाना प्रभारी विकास कपिस और पुलिस कर्मी ओम प्रकाश ने हम पर बंदूक तानी और घर के बाहर खड़ा कर दिया इसके बाद दोनो घर के अंदर दाखिल हो गए. इसके बाद मेरी 15 वर्षीय बच्ची के साथ गलत कृत्य किया.

**टी आई ने कहा आरोपी पकड़ने गई थी पुलिस, लोगो ने टीम पर किया था हमला :** मामले पर समान थाना प्रभारी विकास कपिस ने भी अपना पक्ष रखा है उनका कहना है की 12 जून की घटना है उस दौरान वह गढ़ थाना के प्रभारी थे गढ़ थाना में वर्ष 2023, 2024 के दो प्रकरण पंजीबद्ध थे जिसमे टिकुरी गांव के दो आरोपी की गिरफ्तारी होनी शेष थी. गढ़ पुलिस की टीम आरोपी राकेश कुशवाहा की गिरफ्तारी के लिए गई थी आरोपी को पकड़ का पुलिस अपने वाहन से लौट रहीं थी तभी टीम से सूचना प्राप्त हुई की महेश साकेत अपने अन्य साथियों के साथ आया हुआ है जिनके द्वारा आरोपी को छुड़ाकर भगाने का प्रायस किया जा रहा है जिसके बाद तत्काल अधिकारियों को सूचना दी गई।

**पुलिस टीम ने महेश साकेत सहित अन्य को मौके से पकड़ा :** थाना प्रभारी का कहना है की इसके बाद जब वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो महेश साकेत, सूर्यभान जयसवाल, छोटे लाल साकेत अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने साथी को छुड़ाने का प्रयास कर रहा था और बन्दूक से पुलिस टीम पर फायरिंग कर रहा है जब वह आरोपी को भगाने में सफल हो गए तो पुलिस टीम ने महेश साकेत और उसके अन्य साथियों को पकड़ा और थाने ले की जिनके विरुद्ध 25,27 आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और सभी को जेल भेजा गया.

**मामले में कई बने थे आरोपी कुछ की जमानत कोर्ट से खारिजः** थाना प्रभारी ने बताया कर महेश साकेत, छोटे लाल साकेत, सूर्य भान के विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध है. वर्तमान में हाईकोर्ट ने कुछ आरोपीयों की जमानत निरस्त की है आरोपी अभी भी जेल में है कार्रवाई को प्रभावित करने के साथ ही पुलिस पर दबाव बनाने के लिए उनके विरुद्ध एसपी कार्यालय में झूठी शिकायत करते हुए गंभीर आरोप लगाए गए है. गांव परिसर से ही आरोपीयों की गिरफ्तारी की गई थी कोई भी पुलिस कर्मी आरोपी के घर नही गए थे.

**महिला की शिकायत पर संदेह जांच के बाद होगा साफः** मामले को लेकर एसपी विवेक सिंह का कहना है की महिला शिकायत करने आई थी शिकायत के बारे में जब अवलोकन किया गया तो जानकारी मिली की 12 जून को गढ़ थाना क्षेत्र में एक घटना हुइ थी जिसमे पुलिस की टीम आरोपियों को पकड़ने गई थी मौके पर पुलिस टीम के साथ झुमाझटकी मारपीट और जान से मारने का प्रयास किया गया था इसके बाद मौके से कुछ लोगो को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ 307, 353 सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था. मामले में कुछ लोग जमानत पर रिहा हुए है जबकि कुछ अभी भी जेल में बंद है. अब प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है की शिकायतकर्ता महिला आरोपी पक्ष का परिवार है जिनके द्वारा अपने बचाव में पुलिस पर गंभीर आरोप लगा रही है. मामले की जांच के बाद ही सब कुछ साफ हो पाएगा अगर कोइ दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए चलेगा आपरेशन निखार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को समुचित मार्गदर्शन के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सभी जिलों में आपरेशन निखार अभियान चलाकर कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को निदानात्मक मार्गदर्शन दें। जो विद्यार्थी डी एवं ई ग्रेड में हैं उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कराएं। लोक शिक्षण संचालनालय से निदानात्मक कक्षाओं के लिए तैयार माड्यूल से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को अभ्यास कराएं। सभी विद्यार्थियों को गत तीन वर्षों के प्रश्नपत्रों का पूरा अभ्यास कराएं। सभी स्कूलों में निदानात्मक कक्षाएं लगाकर हर सप्ताह विद्यार्थियों का मूल्यांकन करें। कक्षा दसवीं और बारहवीं में त्रैमासिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले 10-10 विद्यार्थियों का चयन करके इन्हें बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। हर सप्ताह संभाग और जिला स्तर के अधिकारी अपनी सुविधा के अनुसार स्कूल का चयन करके उसमें एक घंटे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में आपरेशन निखार की समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## बारदाना की कमी से उपार्जन बाधित हुआ तो होगी कार्यवाही



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम दो दिवस में सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। गत वर्ष खरीदी केन्द्र में जितनी मात्रा में धान का उपार्जन किया गया था उसके अनुसार बारदाने तत्काल उपलब्ध करा दें। मिलर्स से तत्काल पुराने बारदाने प्राप्त करके सभी खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध कराएं। बारदाना उपलब्ध न होने पर यदि धान का उपार्जन बाधित हुआ तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रबंधक बारदाने उपलब्ध कराने और उपार्जित धान के परिवहन की दो दिवस में पूरी कार्ययोजना प्रस्तुत करें। धान उपार्जन में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन के लिए तैनात नोडल अधिकारी सभी एसडीएम तथा अन्य राजस्व अधिकारी प्रतिदिन कम से कम तीन खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करें। सभी खरीदी केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक धान उपार्जन के लिए प्रत्येक खरीदी केन्द्र में मजदूर और हम्माल उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं का बोर्ड लगाएं साथ ही किसानों के लिए छाया, पानी, धान को व्यवस्थित रूप से रखने तथा तौल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसान को धान उपार्जन में किसी भी तरह की देरी न हो। उपार्जित धान का किसान के बैंक खाते में तत्काल भुगतान कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद की रैक नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। सहकारी समितियों और विपणन संघ के केन्द्रों से खाद वितरण की कड़ी निगरानी रखें। डीएपी खाद की दो रैक आने वाली है। इसका ठीक से वितरण सुनिश्चित करें। जहाँ आवश्यक हो वहाँ सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल का भी सहयोग लें।

## खाद की कालाबाजारी पर एफआईआर हुई दर्ज




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** खाद की कालाबाजारी करने तथा निर्धारित दर से अधिक राशि लेकर किसानों को डीएपी खाद की बिक्री करने पर मेसर्स शिव खाद बीज भण्डार पुराना बस स्टैण्ड रीवा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह कार्यवाही आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत की गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि खाद और बीज विक्रेताओं के दुकानों की नियमित जाँच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीपी सिंह को शिव खाद बीज भण्डार से अधिक दाम में डीएपी खाद की बिक्री की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत के साथ इसका वीडियो भी प्रस्तुत किया गया। जाँच करने पर दुकान से अधिक दाम में डीएपी खाद की बिक्री पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दुकान के संचालक शिव कुमार गुप्ता के विरूद्ध सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## बैंकों में अब सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा लेन-देन




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन कुमार ने बताया है कि रीवा जिले के सभी बैंकों में बैंकिंग के समय में एक जनवरी 2025 से परिवर्तन किया जा रहा है। बैंकों में एक जनवरी से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लेन-देन का कार्य होगा। यह व्यवस्था सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ ग्रामीण बैंकों में भी लागू रहेगी। राज्य स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति के निर्देशों के अनुसार बैंकों के बैंकिंग समय में परिवर्तन किया गया है। सभी बैंक शाखा प्रबंधक एक जनवरी 2025 से निर्धारित किए गए समय खण्ड में बैंकिंग का कार्य सुनिश्चित करें।

### 60 सालों तक छिपाई सगे पिता की सच्चाई

# रिटायर्ड एसआई ने जमीन में हिस्सा लेने बनाए 2-2 बाप

### रीवा के लॉयर का बड़ा खुलासा, एक व्यक्ति ने अलग अलग शासकीय दस्तावेजों में दर्शाए 2 पिताओं के नाम



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला न्यायालय में परिवाद दायर कर अधिवक्ता बीएल तिवारी ने एक बड़े मामले का खुलासा किया है जिसमें अधिवक्ता ने पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक पद से रिटायर्ड सच्चिदानंद उपाध्याय के द्वारा अपने चाचा को शासकीय दस्तावेजों में अपना पिता बताकर शासकीय नौकरी करने के साथ ही शासन के तमाम योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का दोषी मानते हुए न्यायालय के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया है उनके द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सच्चिदानंद उपाध्याय पर धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया है।

दरअसल आरोपी सच्चिदानंद उपाध्याय ने अपने जीवनकाल के 63 साल में करीब 40 वर्ष तक पुलिस विभाग में शासकीय सेवाएं दी इस दौरान तमाम दस्तावेजों में अपने असली पिता रामनिरंजन उपाध्याय की जानकारी छिपाकर उन्होंने अपने सगे चाचा वंशी प्रसाद उपाध्याय के नाम का इस्तेमाल किया जिसमें आरोपी सच्चिदानंद उपाध्याय ने अपने चाचा को अपना पिता दिखाकर सभी दस्तावेजों को तैयार किया था तथा बाद में नौकरी से रिटायर्ड होने के बाद आरोपी सच्चिदानंद ने जमीन में बटवारा कराने के लिए और अपना हिस्सा प्राप्त करने के फिर अपने असली पिता का वरिशाना तैयार कर लिया और पिता के हिस्से की जमीन में अपना नाम चढ़ा लिया फिर उसके बाद आरोपी ने चाचा की वसीयत में भी अपना दावा ठोक और उनका पुत्र बनकर उनकी जमीन में हिस्सेदारी की मांग करने लगा तब आरोपी के चाचा वंशी प्रसाद के पुत्र राजेश उपाध्याय ने शिकायत की और अधिवक्ता बीएल तिवारी ने न्यायालय में परिवाद दायर कर मामले का खुलासा किया।

बताया जा रहा है कि आरोपी सच्चिदानंद उपाध्याय के चाचा वंशी प्रसाद उपाध्याय इंडियन आर्मी (फौज) में नौकरी करते थे जिसके कारण उनके नाम का फायदा उठाने के लिए आरोपी ने अपने पिता के स्थान पर उनके नाम का सहारा लिया तथा अपने नौकरी काल में प्रत्येक स्थानों पर उसने वंशी प्रसाद उपाध्याय को ही अपना पिता दर्शाया परंतु जब अपने पिता की वसीयत में हिस्सेदारी की बात आई तो मजबूरन जमीन में अपना वारिशाना दर्ज करने के लिए उसे अपने सगे पिता रामनिरंजन उपाध्याय को दस्तावेजों में दिखाना शुरू कर दिया जिससे रामनिरंजन उपाध्याय की वसीयत में इसकी भी हिस्सेदारी हो गई परन्तु पुनः चाचा वंशी प्रसाद उपाध्याय की जमीन में भी आरोपी ने अपना दावा ठोक दिया।

जानकारी के मुताबिक आरोपी सच्चिदानंद उपाध्याय ने अपने विद्यालय के प्रमाण पत्र से लेकर नौकरी करने तक के तमाम शासकीय दस्तावेजों में अपने सगे पिता रामनिरंजन उपाध्याय का नाम छिपाकर अपने चाचा वंशी प्रसाद उपाध्याय को अपना पिता दिखाया जिसमें समग्र आईडी, वोटर आईडी कार्ड और अन्य दस्तावेज शामिल हैं परंतु जब असली पिता रामनिरंजन उपाध्याय की वसीयत में हिस्सेदारी की बात आई तो उसने यहां पर खुद के असली पिता का नाम उजागर कर उनकी वसीयत में अपना नाम दर्ज करा लिया वाबजूद इसके पुनः चाचा की जमीन में हिस्सेदारी का आरोपी सच्चिदानंद उपाध्याय ने दवा ठोक दिया जिसपर चाचा के पुत्र राजेश उपाध्याय ने मामले की शिकायत दर्ज कराई और तब खुलासा हुआ कि आरोपी सच्चिदानंद उपाध्याय अब तक अपने पिता के नाम पर वंशी प्रसाद उपाध्याय के नाम का ही उपयोग कर रहा था।

आपको बता दें आरोपी सच्चिदानंद उपाध्याय ने जब अपने चाचा वंशी प्रसाद उपाध्याय की वसीयत में हिस्सेदारी का अपना दावा प्रस्तुत किया तब चाचा वंशी प्रसाद के पुत्र राजेश उपाध्याय और उसके जीजा ने रीवा के विश्वविद्यालय थाने में शिकायत दर्ज कराई परंतु पुलिस ने किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जिससे उन्होंने एसपी को आवेदन किया मगर यहां भी निराशा ही हाथ लगी जिसके बाद शिकायतकर्ता राजेश उपाध्याय ने अपने अधिवक्ता बीएल तिवारी के सहयोग से न्यायालय में परिवाद दायर कर मामले का खुलासा किया है।

बता दें पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद से रिटायर्ड सच्चिदानंद उपाध्याय ने रीवा सहित अलग अलग जिलों में शासन की आंखों में धूल झोंकते हुए पुलिस विभाग की नौकरी पूरी की और रिटायर्ड होने के बाद भी उसके असली पिता का पता नहीं चला मगर चाचा की वसीयत में हिस्सेदारी का दावा करने के बाद यह बात निकलकर सामने आई।

## मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले के 185 मजदूरों को जारी की अनुग्रह राशि

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से संबल योजना के प्रदेश के 10236 मजदूरों को सिंगल क्लिक से 225 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि जारी की। रीवा जिले के 185 मजदूरों को भी उनके बैंक खाते में अनुग्रह राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संबल योजना मजदूरों के संकट काल में अपने नाम के अनुरूप संबल प्रदान करती है। मजदूरों की मुश्किल घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। संबल योजना से अब तक प्रदेश में 6 लाख 16 हजार से अधिक मजदूरों को 5626 करोड़ रुपए से अधिक के हितलाभ का वितरण किया जा चुका है। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।